INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-34 | मथुरा, मंगलवार, 31 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

युद्ध का असर अब जिले में दिखने लगा

## टाइल्स ने छेड़ी महंगाई की जंग




### मोरबी की टाइल्स फैक्टरियों में उत्पादन ठप

### पत्थर और टाइल्स के दाम बढ़े

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का असर अब मथुरा के बाजार में भी दिखने लगा है। मकान और दुकानों के निर्माण में काम आने वाले पत्थर और टाइल्स के दाम तेजी से बढ़ गए हैं। पिछले 15 से 20 दिनों में कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम लोगों के लिए घर बनाना महंगा हो गया है। टाइल्स की सबसे बड़ी आपूर्ति गुजरात के मोरबी से होती है, जिसे देश का प्रमुख टाइल्स हब माना जाता है, लेकिन खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे मोरबी की टाइल्स फैक्टरियों में उत्पादन ठप पड़ गया है। इसका सीधा असर मथुरा समेत अन्य जिलों के बाजारों पर देखने को मिल रहा है। स्थानीय कारोबारियों का कहना है कि फिलहाल वे पुराने स्टॉक के सहारे काम चला रहे हैं। नई खेप न आने के कारण बाजार में टाइल्स की कमी साफ दिखाई देने लगी है। मोरबी से सीमित मात्रा में जो टाइल्स आ रही हैं, उनकी कीमत पहले के मुकाबले लगभग दोगुनी हो गई है। सामान्य आपूर्ति के मुकाबले केवल करीब 20 फीसदी माल ही बाजार तक पहुंच पा रहा है। सीमित स्टॉक के चलते ग्राहकों को अपनी पसंद के डिजाइन नहीं मिल पा रहे हैं। एक ही डिजाइन में पर्याप्त मात्रा उपलब्ध नहीं होने से निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। कारोबारियों का मानना है कि जब तक गैस की आपूर्ति सामान्य नहीं होती और मोरबी में उत्पादन फिर से शुरू नहीं होता, तब तक बाजार में राहत की उम्मीद कम है। कुल मिलाकर टाइल्स की आपूर्ति ठप होने से मथुरा में निर्माण कार्य और संबंधित कारोबार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। अब सभी की नजरें मोरबी के उत्पादन और सप्लाई व्यवस्था के सामान्य होने पर टिकी हैं। मोरबी से सप्लाई लगभग बंद हो चुकी है। जो थोड़ा–बहुत माल आ रहा है, वह भी महंगा है। हमें पुराने स्टॉक से ही ग्राहकों की मांग पूरी करनी पड़ रही है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि ग्राहक को एक ही डिजायन में पूरा माल नहीं मिल पा रहा।



जेके टाइल्स एवं सेनेटरी के स्वामी सचिन अग्रवाल ने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से लगभग हर चीज महंगी हो गई है। उन्होंने कहा कि पत्थर और टाइल्स के दामों में करीब 5 से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। महंगाई बढ़ने के कारण ग्राहक अब कम खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बाजार में अब केवल ब्रांडेड टाइल्स और पत्थर ही मिल रहे हैं, बाकी सामान की सप्लाई लगभग बंद हो गई है।



श्रीजीबाबा टाइल्स के स्वामी निकुंज अग्रवाल ने कहा कि पिछले 15 से 20 दिनों से जो माल आता था, वह अब नहीं आ रहा है। पिछले एक हफ्ते में पत्थरों के दाम करीब 15 प्रतिशत और टाइल्स के दाम 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, उन्होंने बताया कि सप्लाई कम होने की वजह से बाजार में सामान की कमी हो रही है, जिससे कीमतें और बढ़ रही हैं। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में मकान बनाना और मुश्किल हो जाएगा। फिलहाल महंगाई और सप्लाई की समस्या के कारण बाजार में सुस्ती का माहौल है और ग्राहक भी खरीदारी से बच रहे हैं।

एलपीजी संकट और महंगाई की मार

## छोटे उद्योग प्रभावित, गैस किल्लत से उत्पादन घटा

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब सीधे मथुरा के उद्योग और आम लोगों की जेब पर दिखने लगा है। कमर्शियल एलपीजी की कमी और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण जिले के छोटे उद्योगों पर संकट गहरा गया है। स्थानीय उद्योग संगठनों के अनुसार, मथुरा और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में कई छोटी इकाइयों ने उत्पादन घटा दिया है, जबकि कुछ अस्थायी रूप से बंद भी हो गई हैं। एलपीजी की किल्लत ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। मथुरा के कई छोटे उद्योग गैस पर निर्भर हैं, और आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन प्रभावित हुआ है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो रोजगार पर भी बड़ा असर पड़ सकता है। जिले में हजारों मजदूर इन इकाइयों पर निर्भर हैं और काम ठप होने से उनकी आय प्रभावित हो रही है।

इस संकट का असर केवल उद्योग तक सीमित नहीं है। एसी और फ्रिज जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की कीमतों में पहले ही 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो चुकी है। अब एफएमसीजी कंपनियां भी 3 से 5 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाने की तैयारी में हैं, जिससे दूध, किराना और पैकेज्ड फूड महंगे हो सकते हैं। शहर के किराना व्यापारियों के अनुसार, सप्लाई महंगी होने लगी है और कंपनियां नए रेट भेजने की तैयारी में हैं। वहीं, गृहणियों का कहना है कि पहले से बढ़ती महंगाई के बीच यह नया झटका घरेलू बजट को और बिगाड़ सकता है। इसके साथ ही शहरी परिवारों में खाना पकाने के तरीके भी बदल रहे हैं। गैस की कमी के चलते लोग इंडक्शन और रेडी–टू–ईट खाद्य पदार्थों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि गैस की आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले महीनों में महंगाई और बढ़ सकती है। मथुरा में यह स्थिति अब "घर तक जंग की आंच" जैसी महसूस होने लगी है, जहां वैश्विक संकट का असर सीधे आम आदमी की जिंदगी पर पड़ रहा है।




### रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ने के संकेत

## अब जंग में सिलेंडर की याद आई तो केवाईसी कराना हुआ जरूरी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ईरान से इजराइल और अमेरिका की चल रही जंग के बीच गैस सिलेंडर की मारामारी की खबरों से हजारों लोग टेंशन में दिखाई दे रहे हैं ।गैस एजेंसियों पर बड़ी संख्या में उपभोक्ता केवाईसी कराने पहुंच रहे हैं, जिससे अचानक भीड़ देखने को मिल रही है। जांच में सामने आया कि कई उपभोक्ताओं ने गैस कनेक्शन तो ले लिया था, लेकिन लंबे समय से सिलेंडर की रीफिलिंग नहीं कराई। अब आपूर्ति और उपलब्धता को लेकर चर्चाओं के बीच वे फिर से सक्रिय हो गए हैं। अधिकारियों के अनुसार स्थिति पूरी तरह सामान्य है और बिना बुकिंग के सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। एजेंसियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बुकिंग और डिलीवरी कोड (डीएसी) प्रक्रिया का पालन करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

## टोल प्लाजा पर आज रात से लागू होंगी नई दरें

### दो प्रतिशत तक बढ़ेगा टोल टैक्स

### फास्टैग न होने पर यूपीआई से करना होगा भुगतान

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे और हाईवे के टोल प्लाजाओं पर वाहन स्वामियों की जेब पर आज मध्यरात्रि से लगभग दो प्रतिशत अतिरिक्त टोल टैक्स का बोझ बढ़ जाएगा। इसके साथ ही टोल प्लाजा पर अब कैश सुविधा पूरी तरह बंद हो जाएगी। टोल टैक्स पर फास्टैग अथवा यूपीआई से भुगतान करना होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तैयार रूपरेखा को 31 मार्च मध्यरात्रि से लागू कर देगा। यमुना एक्सप्रेस वे और हाईवे प्रबंधकों की मानें तो 31 मार्च की मध्य रात्रि 12 बजे से कार, बस, ट्रक के साथ सभी अन्य भारी वाहनों का टैक्स लगभग दो प्रतिशत बढ़ जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि कार्य करने वाले ट्रैक्टर पर टैक्स नहीं लगेगा। स्थानीय कार स्वामियों के लिए मासिक पास पहले 350 रुपये से बढ़ाकर उसमें 10 रुपये का इजाफा कर दिया है। उन्होंने बताया कि एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर कैश देने की प्रक्रिया को पूरी तरह से समाप्त दिया है। एक अप्रैल से सभी टोल प्लाजा पर अब कैश लेनदेन की प्रक्रिया नहीं होगी है। टोल से गुजरने वाले वाहन स्वामियों को फास्टैग, यूपीआई अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से ही भुगतान करना होगा। ऐसे में टोल से गुजरने वाले वाहन स्वामी यह अवश्य देख लें कि उनका फास्टैग चालू है और उसमें रीचार्ज है या नहीं। इसके अभाव में उनका यूपीआई काम कर रहा है अथवा नहीं। यदि किसी वाहन स्वामी का फास्टैग सक्रिय नहीं है और यूपीआई भी चालू नहीं है तो वह टोल से नहीं गुजर सकेंगे। उन्हें वापस कर दिया जाएगा। यूपीआई से भुगतान की दरें भी अधिक रहेंगी।




अवहेलना | बांके बिहारी मंदिर में कपल का वीडियो हुआ वायरल


## वीआईपी गैलरी बनी प्रेम का मंच,परंपरा रह गई पीछे

### ठाकुर बांके बिहारी महाराज के सामने शादी की रस्म

### युगल ने जिंदगी भर साथ निभाने का वचन लिया

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के वीआईपी कठघरे में खड़े होकर एक कपल ने ठाकुर बांके बिहारी महाराज के सामने एक–दूसरे को अंगूठी और माला पहनाई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखकर लोग सवाल कर रहे हैं। कहना है कि यह मंदिर की परंपरा के विरुद्ध माना जाता है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, इससे पहले भी युवक–युवती को माला पहनाने की वीडियो वायरल हुई थी। हैरान करने वाली बात तो यह है कि वीआईपी गैलरी में खड़े युवक–युवती ने माला और अंगूठी पहनाने के बाद बकायदा ठाकुर जी के सामने शीश निभाया और साथ खड़े मंदिर एक सेवायत से आशीर्वाद लिया। अब प्रबंधन समिति ने जांच और कार्रवाई के संकेत दिए।






ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के गर्भगृह के सामने युवक के गले में एक युवती माला डालती हुई। बांके बिहारी मंदिर के गर्भगृह के सामने युवक युवती को अंगूठी पहनाते हुए।

## बिजली राजस्व वसूली में झटका, लक्ष्य से 25% पीछे विभाग

# 146 करोड़ रुपये में से 107 करोड़ रुपये ही वसूले

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में विद्युत विभाग का मार्च माह के लिए निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य पूरा होने से पीछे रहा। विभागीय अधिकारियों ने एक से 28 मार्च तक 146 करोड़ रुपये वसूलने का लक्ष्य तय था, लेकिन 28 मार्च तक करीब 107 करोड़ रुपये ही उपभोक्ताओं से वसूले जा सके। इस प्रकार विभाग अपने लक्ष्य का लगभग 75 प्रतिशत ही हासिल कर पाया है। जानकारी के अनुसार, राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए




अधिकारियों ने सख्त कदम उठाए। जिन उपभोक्ताओं ने समय पर बिजली बिल की राशि को जमा नहीं किया, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काटे गए। जिले में ऐसे करीब 36 हजार उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर कनेक्शन बिल जमा न होने के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए। मिली जानकारी के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए थे, उन पर करीब 14 करोड़ रुपये का बकाया चल रहा था। कार्रवाई के बाद विभाग ने इन उपभोक्ताओं से करीब 16 करोड़ रुपये की वसूली कर ली, जो कि बकाया राशि से अधिक है। इससे विभाग को कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन कुल लक्ष्य के मुकाबले अभी भी वसूली कम रही। अधिकारियों का कहना है कि मार्च के अंतिम दिनों में वसूली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। टीमों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी दी गई थी और बकायेदारों को नोटिस जारी कर भुगतान के लिए प्रेरित किया गया। इसके बावजूद लक्ष्य पूरी तरह हासिल नहीं हो सका। अधिकारियों के अनुसार, आगे भी बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### तापमान / मौसम

32 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

20 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना-चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,44,320

22 कैरेट 1,37,558

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,38,850 प्रति किलो

## डीजीपी ने जारी किए 31 मामलों में नए आदेश

# पुलिस दर्ज नहीं करेगी दहेज उत्पीड़न सहित 31 मामलों में रिपोर्ट



कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी ने हाईकोर्ट द्वारा आपराधिक मामलों की प्रक्रिया में किए गए एक बड़ा बदलाव को लेकर सभी जनपदों के एसएसपी एसपी को निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अब थानों पर दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, मानहानि, पशु क्रूरता सहित 31 मामलों में सीधे एफआईआर दर्ज नहीं करेगी। इन मामलों में पहले कोर्ट में जाना होगा। कोर्ट के आदेश पर ही एफआईआर दर्ज हो सकेगी। प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रदेश के सभी जनपदों

### कोर्ट के आदेश पर ही दर्ज होगी इन मामलों में एफआईआर

के एसएसपी एसपी सहित अन्य अधिकारियों को एक सर्कुलर जारी कर कहा है कि अनिरुद्ध तिवारी बनाम यूपी सरकार एवं अन्य मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट लखनऊ पीठ ने 25 फरवरी को कड़ी टिप्पणी की थी। पुलिस अब दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, मानहानि, पशु क्रूरता, पर्यावरण और प्रदूषण, उपभोक्ता मामले, बाल श्रम, वन्यजीव संरक्षण, बौद्धिक संपदा (ट्रेड मार्क्स), बीमा अधिनियम आदि समेत कुल 31 श्रेणियों के मामलों में अब पुलिस सीधे एफआईआर दर्ज नहीं करेगी। इन मामलों में पहले मजिस्ट्रेट के समक्ष वाद दायर करना होगा, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर ही आगे की कार्रवाई होगी।

## नए आदेश से झूठे मामलों में आएगी कमी

**यूनिक समय, मथुरा।** झूठे मामलों में कमी लाने और मामले की प्रारंभिक जांच न्यायिक स्तर पर होने के कारण अनावश्यक और फेक मामलों में कमी आएगी। नए आदेश में अब कुछ विशेष प्रकार के मामलों को 'नॉन-कॉग्निजेबल' या शिकायत आधारित प्रक्रिया के तहत लिया जाएगा। यानी ऐसे मामलों में पुलिस स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज नहीं करेगी, बल्कि शिकायतकर्ता को पहले संबंधित मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र देना होगा। मजिस्ट्रेट यदि मामले को गंभीर पाते हैं, तभी पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और जांच शुरू करने का आदेश दिया जाएगा। इस आदेश के बाद पुलिस की भूमिका भी

### कानूनी व न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और संतुलन आएगा

अधिक जिम्मेदार और संतुलित हो जाएगी। डीजीपी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस नई व्यवस्था को गंभीरता से लागू करें और किसी भी तरह की लापरवाही या उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे कानूनी प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और संतुलन आएगा। इससे न केवल झूठे मामलों में कमी आएगी, बल्कि वास्तविक मामलों को भी अधिक गंभीरता से लिया जाएगा।

# स्मार्ट मीटर का फायदा: छुट्टी और रात में नहीं कटेगी बिजली

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मथुरा में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने स्मार्ट मीटर को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को प्रीपेड रिचार्ज पर निर्धारित बिजली दरों में 2 प्रतिशत की छूट दी जाती है। साथ ही, उपभोक्ताओं को कम बैलेंस, बैलेंस समाप्त होने और भुगतान से संबंधित जानकारी नियमित एसएमएस अलर्ट के जरिए मिलती रहती है। नए कनेक्शन के बाद पहले 30 दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होती। इसके अलावा, यदि बैलेंस समाप्त हो जाए तो भी तीन दिन तक बिजली चालू रहती है। इतना ही नहीं, शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक, रविवार और राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी बैलेंस खत्म होने के बावजूद बिजली आपूर्ति जारी रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को असुविधा न

### रियल टाइम में देख सकते हैं स्मार्ट ऐप या वेबसाइट से बिजली खपत

हो। मुख्य अभियंता ने उपभोक्ताओं को सलाह दी कि वे हमेशा अपना बैलेंस पॉजिटिव रखें और इसे शून्य या निगेटिव होने से बचाएं। पुराने पोस्टपेड बकाए को भी आसान किस्तों में चुकाया जा सकता है, जो हर रिचार्ज के साथ 10 से 25 प्रतिशत तक स्वतः समायोजित हो जाता है। उपभोक्ता यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप या वेबसाइट के माध्यम से अपनी बिजली खपत और बैलेंस की जानकारी रियल टाइम में देख सकते हैं। रिचार्ज की सुविधा विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म, जन सेवा केंद्र और विभागीय काउंटरों पर भी उपलब्ध है। स्मार्ट मीटर आधुनिक तकनीक से लैस और प्रमाणित हैं।

# ग्राम पटलौनी में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण व स्मार्टफोन वितरण


**यूनिक समय, मथुरा।** ग्राम पंचायत पटलौनी, विकास खंड बलदेव में आंगनबाड़ी केंद्र के लोकार्पण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरण किए गए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश एडवोकेट, विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश, बीडीओ नेहा रावत, भाजपा की उपाध्यक्ष मुदिता शर्मा, अनिल रावत, अजीत छौंकर, सीडीपीओ बलदेव एवं राया, ग्राम प्रधान व सचिव आदि उपस्थित थे। आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र एवं स्मार्टफोन वितरित किए गए। विकास खंड बलदेव में नौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। 10 कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। विकास खंड राया में एक कार्यकर्ता को नियुक्ति पत्र और 11 कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन दिए गए।

## मथुरा को 47 .39 करोड़ की सौगात,विकास कार्यों को मिली रफ्तार

# 63 परियोजनाओं से बदलेगी जिले की तस्वीर

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में विकास को नई गति देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत त्वरित आर्थिक विकास योजना में 63 महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी है। इन सभी कार्यों पर कुल 4739.23 लाख रुपये (करीब 47.39 करोड़ रुपये) की लागत स्वीकृत की गई है। प्रथम किस्त के रूप में 1184.00 लाख रुपये (करीब 11.84 करोड़ रुपये) जारी कर दिए गए हैं। डीएम सीपी सिंह ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में अधिकांश परियोजनाएं सड़क निर्माण, संपर्क मार्ग, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण से जुड़ी हैं। छाता, बलदेव, गोवर्धन, नौहझील, मांट, राया, फरह और नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र के



विभिन्न वार्डों में सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। छाता विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऐंच से हरियाणा सीमा तक सड़क निर्माण पर 63.65 लाख रुपये, विशंभरा-महरौली से फालैन संपर्क मार्ग पर 127.60 लाख रुपये

### पहली किस्त में 11.84 करोड़ रुपये जारी

### गांव से शहर तक मजबूत होगा कनेक्टिविटी नेटवर्क

खर्च किए जाएंगे। इसी तरह इकदंता मोड़ से नगला मियां तक सड़क निर्माण पर 99.91 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। मथुरा-वृंदावन नगर निगम के वार्डों में भी कई अहम कार्य स्वीकृत हुए हैं। वार्ड 06 अडूकी में सड़क व नाली निर्माण पर 46.99 लाख रुपये, वार्ड 36 जयसिंहपुरा में सड़क व नाली पर 95.58 लाख रुपये, वार्ड 59 अवधपुरी कॉलोनी में लिंक गलियों का निर्माण 136.43 लाख रुपये, पुष्प विहार कॉलोनी फेस-2 में सड़क व नाली पर 152.99 लाख रुपये खर्च होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों और इंटरलॉकिंग सड़कों के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया है।

नगला तांगर से नगला देवकिशन तक सड़क पर 96.05 लाख रुपये, पारसौली से यमुना एक्सप्रेस वे तक मार्ग पर 92.61 लाख रुपये, लोरियापट्टी से नगला जीवन तक सड़क पर 228.80 लाख रुपये (सबसे महंगी परियोजना), देवीपुरा गुर्जर मार्केट से श्मशान तक मार्ग पर 176.18 लाख रुपये , हरियाणा व राजस्थान सीमा से जुड़े गांवों को जोड़ने के लिए कई संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे, जिससे आवागमन आसान होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# कॉपी-किताब की ओर लौटे छात्र

### स्क्रीन टाइम कम करने और पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने की पहल

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** एक समय शिक्षा में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में लैपटॉप और क्रोमबुक जैसे डिजिटल उपकरणों का तेजी से इस्तेमाल बढ़ा था, लेकिन अब मथुरा के कई स्कूल इस ट्रेंड से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। अमेरिका के कई राज्यों में उठाए गए कदमों से प्रेरित होकर यहां भी स्कूल प्रबंधन ने छात्रों के स्क्रीन टाइम को कम करने और पारंपरिक पढ़ाई को बढ़ावा देने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। शहर के कुछ निजी और मिशनरी स्कूलों ने कक्षा में मोबाइल फोन, टैबलेट और लैपटॉप के उपयोग पर सख्त नियम लागू कर दिए हैं। स्कूल प्रशासन का मानना है कि डिजिटल डिवाइस के अधिक इस्तेमाल से बच्चों का ध्यान भटकता है और उनकी लिखने-पढ़ने की क्षमता प्रभावित होती है। अब छात्रों को फिर से कॉपी-किताब पर लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिक्षाविदों का कहना है कि लंबे समय तक स्क्रीन देखने से बच्चों की एकाग्रता, आंखों की सेहत और सामाजिक व्यवहार पर



नकारात्मक असर पड़ता है। कई अभिभावकों ने भी शिकायत की थी कि बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई के नाम पर गेम और वीडियो देखने में समय बर्बाद कर रहे हैं। खासकर यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर अनुचित कंटेंट को लेकर चिंता जताई गई है। मथुरा के एक प्रमुख स्कूल के प्रिंसिपल के अनुसार, "हमने सीमित रूप से ही डिजिटल उपकरणों के उपयोग की अनुमति दी है। अब इन्हें केवल प्रोजेक्ट वर्क या विशेष गतिविधियों तक ही सीमित रखा गया है।" वहीं, कुछ स्कूलों ने पैरेंट्स को भी बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जागरूक करना शुरू किया है। शिक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि तकनीक पूरी तरह गलत नहीं है, लेकिन उसका संतुलित उपयोग जरूरी है। मथुरा में शुरू हुई यह पहल आने वाले समय में शिक्षा के नए मॉडल को दिशा दे सकती है, जहां डिजिटल और पारंपरिक दोनों तरीकों का संतुलन देखने को मिलेगा।

# मंडी में विद्युत तारों में हुई शॉर्ट सर्किट से लगी आग

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कृषि एवं सब्जी मंडी में लगे खंभों के झूलते तारों के कारण शॉर्ट सर्किट से लगने वाली आग से दुकानदारों में भय का माहौल है। गर्मी के मौसम में चलने वाली तेज आंधी और हवा के चलते बिजली के झूलते तार एक दूसरे से टकरा कर खतरे की घंटी बन रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में बिजली के शॉर्ट सर्किट से सब्जी मंडी में



बीती रात विद्युत तारों में लगी आग से निकलते आग के शोले।

सात दुकानों में लगी आग से हजारों रुपयों की सब्जी आदि जलकर राख

### विद्युत विभाग पर लोगों ने लगाया लापरवाही का आरोप

### सब्जी मंडी में आग लगने का सिलसिला जारी

हो चुकी है। इस घटना से मंडी में उस समय हड़कंप मच गया था। इसके बाद भी विद्युत विभाग ने मंडी में झूलते बिजली के तारों को ठीक कराने की जहमत तक नहीं की। यही वजह है कि बीती रात भी तेज हवा के चलते तारों में हुए विद्युत के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई।

इस कारण पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। लोगों को इसके चलते रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने विद्युत अधिकारियों पर इस मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए समस्या का समाधान कराने की मांग की है।




## सुरक्षा को पीएसी तैनात, तीसरे दिन अंडर पास रहा सूना

# सब्जी और फल वालों ने नहीं खोली दुकान

### फल और सब्जी हो गए महंगे

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** मारपीट और पथराव के तीसरे दिन कस्बा में शांति बनी रही। सुरक्षा के लिहाज से पीएसी तैनात कर दी गई है। अंडरपास के नीचे रौनक गायब है। वहीं, धमकी के बाद सब्जी और फल वालों ने अपनी दुकान नहीं खोली, जिससे अब फल और सब्जी महंगे हो गए हैं। रविवार को गांव फतिहा निवासी पीतम से कस्बा के मुहल्ला व्यापारियान के रहने वाले काले कबाड़ी और उसके साथियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अंडरपास के समीप सर्विस रोड पर संचालित कबाड़ गोदाम पर मारपीट की थी। विवाद के दौरान काले पक्ष ने जमकर पथराव भी किया, जिससे चौराहे पर भगदड़ मच गई। सोमवार को पुलिस ने नामजद ईदू, अरमान और फैजान को जेल भेजा है।



सूना पड़ा फरह का अंडर पास।

### रात को माहौल बिगाड़ने का प्रयास

**यूनिक समय, फरह।** कस्बा में सोमवार रात को माहौल बिगाड़ने का प्रयास हुआ। मुस्लिम समाज के कैफे संचालक और उसके साथियों ने पिता-पुत्र से मारपीट कर दी। पुलिस के पहुंचने पर सब भाग गए, बाद में मामला रफा दफा हो गया। कस्बा के सारस्वत पाड़ा निवासी रनवीर सिंह और धर्म सिंह बाजार से घर जा रहे थे। रास्ते में अरमान ने उनको अपने कैफे पर बुलाया और कहा कि आपके मोहल्ले का लड़का मेरे कैफे में तोड़फोड़ कर गया है। पिता-पुत्र ने इस जानकारी से इन्कार किया तो अरमान ने अपने 20-25 साथियों को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी। जानकारी पर पुलिस पहुंची तो कैफे संचालक और उसके साथी भाग गए, बाद में पुलिस ने मामला रफा-दफा कर दिया।

अब तीसरे दिन कस्बा में शांति बनी रही, पुलिस गश्त करती रही, जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अंडरपास के नीचे पीएसी तैनात रही। बवाल के तीसरे दिन मंगलवार सुबह से ही मुस्लिम समाज ने अपना कारोबार बंद रखा। राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड और आसपास सब्जी, फल और खान-पान की दुकानें बंद रहीं, इससे चौराहे पर सन्नाटा पसरा रहा, टायर पंचर की भी दुकान बंद रहीं। मीट के अलावा मुस्लिम समाज द्वारा संचालित कॉफी कैफे और अन्य कारोबार भी बंद रहे। एक वर्ग के लोगों की सब्जी और फल की काफी दुकान बंद रहने से अब ग्राहकों की जेब पर महंगाई की मार पड़ने लगी है दूसरे लोगों ने फल और सब्जी महंगे कर दिए हैं। उधर, उधारी के पांच हजार रुपये को लेकर हुई कहासुनी, गाली- गलौज के बाद मुस्लिम पक्ष की ओर से किए गए पथराव और चाकूबाजी में पीड़ित पीतम की ओर से नामजद कराए गए काले कबाड़ी को दबोचने के लिए पुलिस जुटी है। पीतम की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में काले, फारुख, साहिल, फुरकान, अनवर, इदू, अरमान और फैजान को नामजद किया गया है, जबकि एक दर्जन अज्ञात लोग मारपीट में शामिल दर्शाए गए हैं।

# देह व्यापार का भंडाफोड़ पांच युवतियां और चार युवक हिरासत में

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** कोतवाली छाता के निकटवर्ती दौताना पुलिस चौकी अंतर्गत नेशनल हाईवे स्थित चोटी वाला ढाबा पर अनैतिक देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा।

पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री के साथ पांच युवतियों और चार युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का मुख्य सरगना (दलाल) फरार है। पुलिस अधिकारियों को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि नेशनल हाईवे दौतना स्थित चोटी वाला ढाबा में देह व्यापार का धंधा धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने एक विशेष टीम का गठन किया। फर्जी ग्राहक भेजकर जाल बिछाया। बाहर तैनात पुलिस की भारी टीम ने मौके पर धावा बोल दिया। छापेमारी के दौरान मौके से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके से युवतियों और युवकों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए युवक-युवतियां को पुलिस कोतवाली ले आई।

### पुरस्कार वितरण समारोह पांच को

**यूनिक समय, मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया है कि नवसंवत्सर 2083 की पूर्व संध्या पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह पांच अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे सरस्वती शिशु मन्दिर दीनदयाल नगर में होगा। समारोह में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो की घोषणा कर पुरस्कार दिए जायेंगे। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया है कि समारोह में प्रतिभागियों के कूपन का लकी ड्रॉ भी होगा। सभी प्रतिभागी समय से उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### राया में हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी प्रभात फेरी

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर कस्बा में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। आयोजकों ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रावत, जिला उपाध्यक्ष विशाल पाराशर एवं जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने बताया प्रातः 7 बजे हवनयज्ञ सुंदरकांड पाठ होगा। राष्ट्रीय हनुमान दल की ओर से गणेशबाग माता मनकामेश्वरी मंदिर परिसर से नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

# मंदिर के पास पैनल बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से करंट फैला

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर मार्ग स्थित गली नंबर तीन के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब विद्युत खंभे पर लगे पैनल बॉक्स में अचानक करंट फैल गया।

इस दौरान दर्शन करने आए एक दंपति इसकी चपेट में आ गए और करंट लगने से छटपटाते हुए गिर पड़े। श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों और दुकानदारों ने दंपति को पास की एक धर्मशाला में पहुंचाया, जहां मालिश आदि के बाद उनकी हालत सामान्य हुई। लोगों के मुताबिक पन्ना धर्मशाला के पास लगे विद्युत खंभे के पैनल बॉक्स में शॉर्ट सर्किट होने से करंट फैल गया था।

गली में भीड़ के बीच गुजर रहे दंपति का हाथ अचानक बॉक्स से टकरा गया, जिससे उन्हें करंट लग गया। घटना की सूचना मिलते ही दुकानदारों ने विद्युत अधिकारियों को अवगत कराया। तब विद्युत आपूर्ति तत्काल बंद कराई गई और कुछ देर बाद लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर पैनल बॉक्स को दुरुस्त किया। एसडीओ संदीप वार्ष्णेय ने बताया कि

### करंट के झटके से श्रद्धालु पति-पत्नी गिरे

किसी वाहन की टक्कर से पैनल बॉक्स क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे शॉर्ट सर्किट होकर करंट फैल गया।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालय:-** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-2420150,**
**मो. 9837155888**
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

### सौसा प्राथमिक विद्यालय का परीक्षाफल वितरण

**यूनिक समय, मथुरा।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत अड़ींग स्थित पीएमसी प्राथमिक विद्यालय सौसा के वार्षिकोत्सव में परीक्षाफल वितरण किया गया। प्रधानाध्यापिका हेमलता शर्मा के निर्देशन में एआरपी देव कुमार ने छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड एवं पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर श्रीमती आरती, प्रीति, संगीता, डालचंद, नेहा कुमारी, गरिमा सिंह, रवि, दिनेश, शिव सिंह, रजनी एवं बबीता आदि उपस्थित थे।




| TEST | MARKET RATE | OUR RATE |
|---|---|---|
| ECHO | 2500 | 1000 |
| TMT | 1500 | 500 |
| Holter | 2000 | 1500 |
| Angiography | 10000 | 7000 |
| Angioplasty | 140000 | 90000 (Stent charge Extra) |
| Pacemaker (TPI) | 15000 | 9000 |

### केशवधाम में कथा का द्वितीय दिवस

# आनंद की सबकी कल्पनाएं अलग-अलग




केशव धाम में चल रही श्रीमद भागवत कथा का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल। केशव धाम में संचालित सेवा प्रकल्पों के सहायतार्थ चल रही श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ पर विराजमान भागवताचार्य श्रीकृष्ण चंद शास्त्री ठाकुरजी का स्वागत करते जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायणदास अग्रवाल।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** भागवताचार्य कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर जी के सानिध्य में केशव धाम द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों के सहायतार्थ आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस का आनंदमय विश्राम हुआ। द्वितीय दिवस कथा प्रसंग में भागवताचार्य ने बताया कि "आनंद की सबकी कल्पनाएं अलग-अलग हैं। कोई भौतिक पदार्थों की उपलब्धि को आनंद मानता है तो कोई किसी इच्छा के पूर्ण हो जाने को आनंद समझता है। आनंद अथवा प्रसन्नता भीतर की स्थिति है। प्रसन्नता केवल बाहरी सुख साधनों से नहीं आँकी जा सकती है। वास्तविकता तो ये है कि आनंद का वाह्य

### जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पहुंचे कथा श्रवण को

### भागवताचार्य श्रीकृष्ण चंद शास्त्री ठाकुरजी का किया स्वागत

अवस्थाओं से कोई संबंध ही नहीं होता है। ज्ञानी जनों ने कामना का पूर्ण हो जाना आनंद नहीं माना अपितु जीवन के कामना शून्य हो जाने को आनंद माना है। पाण्डव चरित्र, राजा परीक्षित श्राप कथा एवं भगवान शुकदेव आगमन द्वितीय दिवस की कथा के मुख्य प्रसंग रहे। एक दिन पहले जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायणदास अग्रवाल ने कथा का श्रवण किया। उन्होंने भागवताचार्य कृष्ण चंद शास्त्री ठाकुरजी महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। दूसरे दिन आशीर्वचन रामकमल दास वेदांती महाराज का रहा। विहिप केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक दिनेश चंद्र, विहिप केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी, प्रमोद गोयल, विश्वनाथ गोस्वामी, राम सारस्वत, विष्णुदयाल बंसल, भगवानदास बंसल, विजय गोयल, रामकिशन अग्रवाल, निदेशक ललित, सतीश चंद्र अग्रवाल, साकेत गर्ग, पवन अग्रवाल, महेश किलानोत, सुशील पचौरी, डॉ कैलाश द्विवेदी, आचार्य सुधाकर, आचार्य रवीन्द्र शर्मा, शिवओम, ओमप्रकाश बंसल, संदीप चतुर्वेदी, योगेंद्र कुमार एवं संजय जादौन उपस्थित थे।

# गोली मारकर हत्या करने वाले पांच अभियुक्त को हुई उम्रकैद

**यूनिक समय, मथुरा।** विशेष न्यायाधीश (ईसीएक्ट)अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार ने ट्यूशन पढ़ने के लिए जाते एक युवक की गोलियों से भून कर हत्या करने के मामले में पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास और दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मुकमदे की पैरवी करने वाले सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फोजदीरी) अवनीश उपाध्याय ने बताया कि सतीशंचद निवासी बालाजीपुरम ने दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा कि 8 जनवरी 2014 को करीब साढ़े आठ बजे उनका भतीजा लेखराज उर्फ पिंटू पुत्र उदल सिंह बालाजीपुरम से ट्यूशन पढ़ने के लिए कृष्णाधाम कॉलोनी गायत्री नगर रौंची बांगर के लिए जा रहा था। वह जैसे ही दिनेश के मकान के समीप पहुंचा वहां वींरेंद्र पुत्र ज्ञान सिंह, नरेंद्र पुत्र वींरेंद्र सिंह, सौदान पुत्र उदय सिंह, मवासी पुत्र चंदन सिंह, सीता राम पुत्र चंदन सिंह व विजय पुत्र राधेश्याम ने नाजायज व लाइसेंसी हथियारों से फायरिंग कर उसकी हत्या

### सभी पर दस-दस हजार का जुर्माना भी लगाया

कर दी। हत्या का कारण पैसे के लेन-देन बताया। जिस समय लेखराज उर्फ पिंटू के पीछे सतीश चंद का बेटा विनय और भतीजा खेम सिंह मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इन लोगों ने घटना के बारे में देखा व बताया है। रिफाइनरी पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (ईसीएक्ट)अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार के न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने सहायक शासकीय अधिवक्ता अवनीश उपाध्याय द्वारा दिए गए तर्कों और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों की गवाही पर अभियुक्त नरेंद्र, वींरेंद्र, विजय, मवासी व सौदान को हत्या का दोषी मानते हुए उक्त सजा से दंडित किया।

**सावधान** — गैस संकट में साइबर ठगों का गजब खेल

# एलपीजी के नाम पर उड़ाए लाखों रुपये

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** सिलेंडरों की किल्लत और गैस आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच साइबर अपराधी तेजी से सक्रिय हो गए हैं। इसी कड़ी में मुंबई से एक बड़ा मामला सामने आया है। मुंबई में साइबर ठगों ने ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका अपनाया है, जिसमें एपीके फाइल के जरिए लोगों के बैंक खातों को खाली किया जा रहा है। बीते एक महीने में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें करीब एक करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हो चुकी है। ठग खुद को महानगर गैस लिमिटेड के अधिकारी बताकर लोगों को कॉल और मैसेज करते हैं और उन्हें डराकर जाल में फंसा लेते हैं। दरअसल, ठग




पहले लोगों को गैस बिल बकाया होने और कनेक्शन काटने की चेतावनी देते हैं। इसके बाद वे भरोसा जीतने के लिए कॉल करते हैं और 'बिल अपडेट' के नाम पर एक एपीके फाइल भेजते हैं। जैसे ही व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड कर अपने फोन में इंस्टॉल करता है, उसके मोबाइल में मालवेयर सक्रिय हो जाता है और बैंकिंग जानकारी ठगों तक पहुंच जाती है। मुलुंड पश्चिम के 20 वर्षीय व्यापारी मितुल दोषी इस गिरोह के शिकार बने। उन्हें गैस कनेक्शन बंद करने का मैसेज मिला, जिसके बाद उन्होंने 1150 रुपए का

### मथुरा के लोग किसी भी झांसे में न आएं

भुगतान कर दिया, बाद में एक कॉल के जरिए एपीके फाइल भेजी गई, जिसे डाउनलोड करते ही उनके खाते से 11.82 लाख रुपए निकाल लिए गए। इसी तरह मालाड पूर्व में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग के खाते से महज 20 मिनट में 8.59 लाख रुपए साफ कर दिए गए। ऐसे मामलों को देखकर यूनिक समय मथुरा के लोगों को सचेत कर रहा है कि वह किसी भी तरह से ठगों के झांसे में न फंसे। मुम्बई की तरह से शायद ठगों के निशाने पर मथुरा के उपभोक्ता भी आ सकते हैं।

**उठावनी**




अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है मेरे पुत्र नरेश अग्रवाल का आकस्मिक निधन दिनांक 30.03.2026 को हो गया है जिनकी उठावनी दिनांक 01.04.2026 दिन बुधवार को महिला एवं पुरुषों की सांय 3 से 4 बजे तक स्थानः अग्रवाटिका, मसानी लिंक रोड, मथुरा पर होगी।

-: शोकाकुल :-

सत्यनारायण अग्रवाल-सुमन अग्रवाल (माता-पिता) दीनानाथ अग्रवाल-सीता अग्रवाल कमल अग्रवाल-रीता अग्रवाल (चाचा-चाची) धीरज अग्रवाल-आरती, नीरज अग्रवाल-रचना प्रदीप अग्रवाल-छाया (भाई-भाभी) ऋषि-अंजू (अनुजभ्राता-भ्रातावधु) ध्रुव, राघव, कोमल, कीर्ति, राशि, पूर्वी (भतीजे,भतीजी) एवं समस्त बंसल परिवार

मोः 7037608505, 9897239577, 8630760702

### स्कूली बच्चों को हादसों से बचाने के लिए योगी सरकार की पहल

# स्कूली वाहनों का पोर्टल पर दर्ज कराएं ब्योरा

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा/ लखनऊ।** बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने स्कूली वाहनों का फिटनेस दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। विभाग के अपर मुख्य सचिव की ओर से सभी डीआईओएस और बीएसए को जारी निर्देश में कहा गया है कि स्कूल के वाहन हादसों का शिकार न होने पाए। वाहनों की निगरानी के लिए एक पोर्टल बनाया गया है।

इससे परिवहन मुख्यालय से वाहनों की खामी का पता चल जाएगा और प्रत्येक वाहन की स्थिति पर नजर रहेगी। सभी डीआईओएस व बीएसए को जारी निर्देश में कहा गया है कि 15 अप्रैल तक अभियान चलाकर पोर्टल पर सभी स्कूलों का डाटा फीड कराएं। वाहन संबंधी डाटा में वाहन का पंजीकरण नंबर, वाहन का प्रकार

### अब लखनऊ से ही होगी ऑनलाइन निगरानी

अंकित करें। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा ने कहा है कि वाहन की आयु, वाहन मॉडल, इंजन संख्या, चेसिस संख्या, वाहन स्वामी का नाम, पता, मोबाइल नंबर, परमिट संख्या व उसकी वैधता तिथि, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, जीपीएस की स्थिति व सीसीटीवी कैमरों हैं या नहीं, सभी जानकारियां पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। इससे आसानी से जानकारी मिल जाएगी कि कौन सा वाहन कब अनफिट हो रहा है या फिर कोई अन्य कमी है तो संबंधित जिले के अधिकारियों व स्कूल प्रशासन से संपर्क कर उसको दुरुस्त किया जाएगा।

# राजेन्द्र सिंह बने विधायक प्रतिनिधि ब्लॉक फरह में संभालेंगे जिम्मेदारी

**यूनिक समय, मथुरा।** ठाकुर राजेन्द्र सिंह, पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत कुरकंदा, को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। वे अब ब्लॉक फरह में विकास कार्यों की बैठकों और समीक्षा में भाग लेंगे। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रीय विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

# भावी पीढ़ी के निर्माण में शिक्षकों की होती है अहम भूमिका: प्रतीक



बलदेव के ब्लॉक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर तथा भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर आदि।

संवाददाता

**यूनिक समय, बलदेव।** विकास खंड बलदेव के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्ति हुए शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह ब्लॉक सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर ने कहा कि सेवाकाल में शिक्षक बच्चों को शिक्षित करते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद अपने अनुभवों से समाज को नई दिशा देते हैं। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र का प्रहरी और समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि भावी पीढ़ी के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक गिर्राज प्रसाद इंचार्ज प्रधानाध्यापक, उच्चतर प्राथमिक

### बलदेव में सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई समारोह

विद्यालय महावन, उमेश तिवारी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय खेड़िया, सुरेश उपाध्याय प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय नगला राय सिंह, देवेन्द्र सिंह इंचार्ज प्रधानाध्यापक उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भूड़ा, महावीर सिंह इंचार्ज प्रधानाध्यापक उच्चतर प्राथमिक विद्यालय नगला लोका, हाकिम सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय खड़ैरा सभी को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र भेंट कर व स्वाफ़ा बांध कर विदाई दी गई। सुसेंद्र मित्तल एवं रवेंद्र रावत ने सभी का आभार जताया।

# जीएलए के प्रतिभाशाली अलुम्नाई ने यूपीपीसीएस में लहराया परचम

## प्रशासनिक सेवाओं में बढ़ाया जीएलए का गौरव

## मेहनत और मार्गदर्शन से मिली बड़ी सफलता


अनुराधा सिंह | कृष्णांगी त्रिपाठी | नेहा तोमर | मयंक राय

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का परिचय देते हुए गौरव हासिल किया है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं शाखाओं से जुड़े चार होनहार अलुम्नाई का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयन हुआ है। इन छात्रों ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन किया है। जीएलए विश्वविद्यालय अपने आधुनिक शैक्षणिक ढांचे, अनुभवी शिक्षकों, प्रायोगिक शिक्षण पद्धति तथा सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण के लिए जाना जाता है। यहां छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे छात्र न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। मयंक राय (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, 2016–2020 बैच), निवासी गाजीपुर, का चयन 64वां स्थान पाकर कमर्शियल टैक्स ऑफिसर पद पर हुआ है। उन्होंने अपने चौथे प्रयास में यह सफलता प्राप्त की। मयंक ने शुरू से ही सिविल सेवा को लक्ष्य बनाते हुए प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग नहीं लिया और स्व–अध्ययन के माध्यम से तैयारी की। वर्ष 2024 में उन्होंने यूपीएससी मुख्य परीक्षा भी दी, जिसमें वे मामूली अंतर से चयन से वंचित रह गए। उनके पिता अजय कुमार राय किसान हैं तथा माता गृहिणी हैं। उनको लक्ष्य भविष्य में आईएएस बनना है।

कृष्णांगी त्रिपाठी (बीकॉम ऑनर्स, 2018 बैच), निवासी वृंदावन, का चयन 48वां स्थान हासिल कर स्टेट जीएसटी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर हुआ है। जीएलए से शिक्षा पूर्ण करने के बाद उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी शुरू की। इस दौरान उन्होंने इग्नू से पॉलिटिकल साइंस में परास्नातक किया, यूजीसी नेट जेआरएफ उत्तीर्ण किया तथा वर्तमान में आगरा यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही हैं। वर्ष 2022 में इंटरव्यू तक पहुंचने के बावजूद चयन न होने के बाद उन्होंने अपनी कमियों में सुधार करते हुए सफलता प्राप्त की। उनके पिता बृज किशोर त्रिपाठी प्रिंसिपल हैं तथा माता शिक्षिका हैं। उनका चयन कन्सेन्ट्रिक्स कंपनी में हुआ था, लेकिन उन्होंने जॉइन नहीं किया। नेहा तोमर (बीटेक, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, 2014 बैच), निवासी मथुरा, का चयन 11वां स्थान प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर पद पर हुआ है। उनका चयन पहले कॉग्निजेंट में हुआ था, लेकिन उन्होंने उसे आगे नहीं बढ़ाया और एमटेक कर उच्च शिक्षा प्राप्त की। वर्तमान में वह भारतीय मौसम विभाग में गुवाहाटी में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति धीरज कुमार को भी दिया, जो रक्षा मंत्रालय के पीसीडीए पेंशन विभाग प्रयागराज में कार्यरत हैं तथा रक्षा मंत्री पुरस्कार से सम्मानित हैं। उन्होंने अपनी पूरी तैयारी के दौरान नेहा को अनुशासन और निरंतरता के साथ निरंतर प्रेरित किया। उनके पिता प्रदीप कुमार अधिवक्ता हैं तथा माता कृष्णा कुमारी हैं। अनुराधा सिंह (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, 2017 बैच) का चयन 150वीं रैंक पाकर स्टेट असिस्टेंट कमिश्नर (टैक्स) पद पर हुआ है। उन्होंने बीटेक के तुरंत बाद से ही सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दी थी। जीएलए से उनका चयन टेक महिंद्रा में हुआ था, लेकिन उन्होंने आगे की पढ़ाई को प्राथमिकता दी और जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से एमए किया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि उन्होंने यूपीपीसीएस मुख्य परीक्षा 7 माह की गर्भावस्था के दौरान दी, जो उनके अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति आकाश सिंह को भी दिया, जिन्होंने वर्ष 2017 में जीएलए विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और वर्तमान में व्यवसायी हैं। उनके सहयोग और प्रोत्साहन ने अनुराधा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके पिता मुकेश प्रताप सिंह, जो पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं, मथुरा के जैंत क्षेत्र के निवासी हैं। कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने कहा कि जीएलए के चारों छात्रों की सफलता यह सिद्ध करती है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जीएलए विश्वविद्यालय का शिक्षण वातावरण, कौशल विकास कार्यक्रम और सकारात्मक प्रतिस्पर्धी माहौल छात्रों को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही वर्तमान छात्रों को इनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया है।

### जीएलए की वेदिका ने यूपीपीसीएस में हासिल की शानदार रैंक



**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित राइजिंग अकेडमी की छात्रा वेदिका ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। उन्होंने रैंक– 12 हासिल कर असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयन पाकर संस्थान का नाम रोशन किया है। यह सफलता राइजिंग अकेडमी के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और वेदिका की कड़ी मेहनत का परिणाम मानी जा रही है। संस्थान ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# जिले के छात्रों को मिलेगा मुफ्त में एआई सीखने का मौका

## 15 अप्रैल से शुरू होगा 60 दिन का ऑनलाइन कोर्स

## पंजीकरण 2 से 7 अप्रैल तक

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार की नई पहल के तहत जिले के कक्षा ग्यारह व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को अब मुफ्त में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सीखने का सुनहरा अवसर मिलेगा। यह विशेष कोर्स 15 अप्रैल से शुरू होकर 60 दिनों तक चलेगा, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीक की बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत जिले के सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण कराएं, ताकि कोई भी इच्छुक छात्र इस अवसर से वंचित न रह जाए। पंजीकरण प्रक्रिया 2 अप्रैल से शुरू होकर 7 अप्रैल तक चलेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि यह कोर्स पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से बच्चों को नई तकनीकों की जानकारी मिलेगी और उनके भविष्य के लिए यह काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और वे डिजिटल युग के अनुसार खुद को तैयार कर सकेंगे। यह कोर्स टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के सहयोग से तैयार किया गया है। कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को 2 क्रेडिट पॉइंट के साथ प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि एआई जैसे आधुनिक विषयों की जानकारी छात्रों को भविष्य के रोजगार के लिए तैयार करेगी। जिला विधायल निरीक्षक कहना है कि यह कोर्स छात्रों को डिजिटल युग के अनुरूप बनाएगा और उन्हें नई तकनीकों के साथ आगे बढ़ने का मौका देगा। यह पहल मथुरा के छात्रों के लिए भविष्य की नई राह खोलने वाली साबित हो सकती है।



## डीवीके फाउंडेशन की पहल

# गुरुकुल के आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को मिलेगी स्कॉलरशिप

**यूनिक समय, वृंदावन/मथुरा।** भक्तिवेदांत गुरुकुल एंड इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभावान छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए डीवीके फाउंडेशन ने एक अच्छी पहल की है। फाउंडेशन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्युएस के होनहार छात्रों की मदद के लिए एक नए 'स्कॉलरशिप और अवार्ड्स प्रोग्राम' की घोषणा की है। इस खास मुहिम का मकसद मेधावी बच्चों को पढ़ाई के लिए जरूरी संसाधन देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना के तहत चुने गए छात्रों को 'डीवी कपूर स्कॉलर्स' के नाम से जाना जाएगा। फाउंडेशन इन बच्चों को पढ़ाई की सामग्री, यूनिफॉर्म, लैपटॉप और नकद पुरस्कार जैसी सुविधाएं देगा ताकि वे बिना किसी आर्थिक तंगी के अपनी पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें। इस स्कॉलरशिप का लाभ उठाने के लिए छात्रों का आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्युएस से होना और पढ़ाई में लगातार कम से कम 90% अंक बनाए रखना जरूरी है। कक्षा 8, 9 और 11 के लिए: स्कूल की सिफारिश और फाउंडेशन की मंजूरी के बाद चुने गए छात्रों को 20,000 तक का 'सालाना मेरिट अवॉर्ड' दिया जाएगा। कक्षा 10 के लिए: जो ईडब्ल्यूएस छात्र बोर्ड परीक्षा में 90% या उससे ज्यादा अंक लाएंगे, उन्हें 25,000 का पुरस्कार मिलेगा। कक्षा 12 के लिए: बोर्ड परीक्षा में 90% या उससे ज्यादा अंक लाने वाले छात्रों को 25,000 की राशि के साथ एक लैपटॉप भी दिया जाएगा। इसके लिए शर्त यह है कि वे आगे टेक्नोलॉजी, मेडिकल, साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स या कानून जैसे क्षेत्रों में अपनी उच्च शिक्षा जारी रखें।

यह प्रोग्राम शैक्षणिक सत्र 2025–26 से शुरू हो चुका है और छात्र के स्कूल पास करने तक जारी रहेगा। पैसों के सही मैनेजमेंट और वितरण की जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होगी। स्कॉलरशिप के लिए छात्रों का आखिरी चुनाव स्कूल द्वारा किया जाएगा, जिसे बाद में डीवीके फाउंडेशन से अप्रूवल मिलेगा। डीवीके फाउंडेशन और स्कूल मैनेजमेंट ने इस साल स्कॉलरशिप के लिए चुने गए छात्रों के नामों की भी घोषणा की है। इनमें मेघवर्ण देसाई (कक्षा 12–बी) गोविंद प्रजापति (कक्षा 8–बी), ऋषिकेश कुमार (कक्षा 8–के), आरुष साहा (कक्षा 9–के) शामिल हैं।

# न्याय पंचायत उसफार में 'शिक्षा चौपाल' में अभिभावक और शिक्षकों का सम्मान

**यूनिक समय, मथुरा।** विकास खंड मथुरा के अंतर्गत न्याय पंचायत उसफार के कंपोजिट विद्यालय नगला माना के प्रांगण में आयोजित 'शिक्षा चौपाल' कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक संकुल गोकुल चन्द के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार, एआरपी गिरीश कौशिक, पूर्व एआरपी सुरेश चन्द, संकुल शिक्षक बच्चू सिंह, धर्मसिंह तथा अंजुल तिवारी ने भाग लिया। सभी शिक्षकों और अभिभावकों को वरिष्ठ शिक्षक संकुल गोकुल चन्द ने सम्मानित किया। अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती चांदनी ने की।

# कौशल विकास को राजीव एकेडमी ने बजाज फिनसर्व से मिलाया हाथ

## छात्र–छात्राओं के समग्र विकास व रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट ने छात्र–छात्राओं के कौशल विकास और करियर उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजाज फिनसर्व के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते पर संस्थान की ओर से निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना तथा बजाज फिनसर्व की ओर से प्रोजेक्ट हेड जतिन मक्कर ने हस्ताक्षर किए। डॉ. सक्सेना ने बताया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक विकास के साथ–साथ उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो न केवल व्यक्तिगत उन्नति बल्कि देश के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। बजाज फिनसर्व के 'स्किलसर्व' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग से जुड़ा ज्ञान प्राप्त होगा। इससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस क्षेत्र में करियर बनाने में मदद मिलेगी। बजाज फिनसर्व के प्रतिनिधि जतिन मक्कर ने इस पहल को युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रमुख डॉ. विकास जैन ने कहा कि ऐसे समझौते विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होते हैं।


समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान करते दोनों संस्थानों के पदाधिकारी।



### जीआरपी व आरपीएफ ने पकड़े अंतरराज्यीय गांजा तस्कर

# गैंग की दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय रेलवे पुलिस ने चेकिंग के दौरान अंतरराज्यीय गांजा तस्करी करने वाले गैंग की एक महिला सदस्य सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 22 किलो 208 ग्राम गांजा बरामद किया है। गांजा बैगों में भरकर ले जा रहे थे। मथुरा जंक्शन जीआरपी के थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस और आरपीएफ द्वारा स्टेशन पर होने वाली तस्करी और अपराध की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक जीआरपी के साथ प्रभारी निरीक्षक



गांजा तस्कर जीआरपी और आरपीएफ की गिरफ्त में।

आरपीएफ अवनीश शंकर, उप निरीक्षक जीआरपी ललित कुमार, उप निरीक्षक टीटू, आरपीएफ के एसएसआई अजय पाल सिंह पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच चेकिंग टीम जैसे ही गेट नंबर दो ब्रिज के नीचे रेलवे स्टेशन पर पहुंची। टीम को वहां दो महिलाओं सहित तीन

### 22 किलो 208 ग्राम गांजा भी हुआ बरामद

लोग दिखाई दिए। पुलिस को उनके कब्जे से बैग और पिट्ठू बैग में 22 किलो 208 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तों में फैजान निवासी मकान नंबर 156 इंद्री रोड लाडवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा बोरा की चक्की के पास शनिदेव मंदिर के अलावा दो महिलाएं भी है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि हम लोग अवैध गांजे के एक राज्य से दूसरे राज्य में बिक्री कर होने वाली कमाई से अपने शौक पूरे करते हैं।

# बूथ से लेकर गांव तक गूंजेगा भाजपा का स्थापना दिवस




भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वक्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस को लेकर पुष्पांजलि स्थित जिला कार्यालय पर कार्ययोजना बैठक की गई। बैठक में 7 से 12 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने बताया गया कि 5, 6 और 7 अप्रैल को जिला व मंडल कार्यालयों को फूल, रंगोली और लाइटिंग से सजाया जाएगा। 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण, मिष्ठान वितरण और विकास यात्रा पर उद्बोधन होगा। साथ ही कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराएंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों तथा गणमान्य लोगों के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। वहीं 8 या 9 अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। विधायक पूरन प्रकाश ने जानकारी दी कि 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम व बस्ती

### मथुरा में 7 से 12 अप्रैल तक चलेंगे कार्यक्रम

स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रम और समाज के विभिन्न वर्गों के 25 से 30 प्रमुख लोगों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा "चलो गांव की ओर" कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 50 गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए विधानसभा क्षेत्र वार संयोजक नियुक्त किए गए हैं। स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता बूथ स्तर तक भाजपा का ध्वज लगाकर सोशल मीडिया पर सेल्फी भी साझा करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री सत्यपाल चौधरी, आकाश चौधरी, जिला मंत्री ओम प्रकाश सैनी, सुरेश तरकर, कमल किशोर वार्ष्णेय, मनीषा पाराशर, मुदिता शर्मा, भानु प्रताप सिंह, अनिल चौधरी, भूरे सिंह आदि मौजूद थे।

# ऑस्ट्रेलिया से आईं हिंदी साहित्यकार रीता कौशल को किया सम्मानित

संवाददाता

**यूनिक समय, आगरा।** ऑस्ट्रेलिया में विगत कई दशकों से अपनी कविताओं, कहानियों, उपन्यासों आदि के लेखन-प्रकाशन से हिंदी भाषा और हिंदी साहित्य का परचम फहरा रहीं श्रीमती रीता कौशल का आगरा आगमन पर करुणेश परिवार ने सम्मान किया। शमशाबाद रोड पर इंदिरापुरम स्थित नीति बाग कॉलोनी में उनकी ससुराल पहुँचकर करुणेश परिवार के प्रतिनिधि वरिष्ठ पत्रकार और साहित्य सेवी आदर्श नंदन गुप्ता तथा उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला पुरस्कार से सम्मानित कवि-साहित्यकार कुमार ललित ने श्रीमती रीता कौशल को शॉल और माला के साथ साहित्यिक पुस्तकें प्रदान कर



ऑस्ट्रेलिया से आईं हिंदी साहित्यकार रीता कौशल को पुस्तकें भेंट करते साहित्य सेवी आदर्श नंदन गुप्ता तथा कवि-साहित्यकार कुमार ललित।


उनकी उल्लेखनीय साहित्य-सेवाओं के लिए सराहना कर उनका सम्मान किया। इस दौरान उनके परिवार से राजेश कौशल और सपना कौशल भी मौजूद रहीं।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान क्षेत्र की गलियों का होगा कायाकल्प

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान के आसपास की गलियों और मार्गों का स्वरूप अब पूरी तरह बदलने जा रहा है। क्षेत्र को सुव्यवस्थित और श्रद्धालु-अनुकूल बनाने के लिए व्यापक स्ट्रीट फसाड (मुखौटा) विकास योजना पर काम शुरू होने जा रहा है। करीब 28 करोड़ रुपये की इस परियोजना से सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यातायात व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है। परियोजना के प्रथम चरण में लगभग 9.85 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत जन्मस्थान क्षेत्र की गलियों, प्रमुख मार्गों और भवनों के बाहरी हिस्सों को एक समान डिजाइन में विकसित किया जाएगा, जिससे पूरे इलाके को एक सांस्कृतिक और पहचान मिल सके। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिलने के साथ क्षेत्र की छवि भी निखरेगी।

इस कार्य का क्रियान्वयन मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। निर्माण कार्य से पहले आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाएं



पूरी की जाएंगी और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य कराया जाएगा। परियोजना को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने की योजना है, जिससे अनावश्यक विलंब और लागत वृद्धि से बचा जा सके। परियोजना की समयसीमा 18 माह निर्धारित की गई है। विकास कार्य में दिव्यांगजन के लिए बाधारहित और सुगम ढांचा भी शामिल किया गया है, जिससे सभी वर्गों के लोगों के लिए क्षेत्र अधिक सुलभ बन सके। एमवीडीए की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन से सम्पर्क नहीं हो सका सचिव आशीष कुमार सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप नियमानुसार कार्य कराए जाएंगे।

# निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षा चौपाल



**यूनिक समय, गोवर्धन।** उच्च प्राथमिक विद्यालय आन्यौर में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत न्याय पंचायत गांठोली की "शिक्षा चौपाल" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार, छात्र-केंद्रित शिक्षण और सामुदायिक सहभागिता जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष लंबरदार ने बेसिक शिक्षा में हुए आधुनिक बदलावों की सराहना की तथा समाज से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक का विदाई समारोह आयोजित

लक्ष्मीनारायण गोस्वामी के सम्मान में विदाई समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उनके कार्यकाल और योगदान की सराहना की गई। विभिन्न वक्ताओं ने गोस्वामी जी के कर्मठ व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे भी मार्गदर्शन देते रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अध्यापकों, सक्रिय एसएमसी सदस्यों एवं मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## पेट्रोल पंप पर ईंटो से लदा खड़ा ट्रॉला चोरी

**यूनिक समय, सुरीर (मथुरा)।** कोतवाली क्षेत्र के टैंटीगांव पेट्रोल पंप पर खड़ा ईंटों से भरा ट्रॉला चोरी हो गई। ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। गांव सामौली निवासी रामबीर सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 26 मार्च को उसने ईंटो से भरा ट्रॉला पेट्रोल पंप पर खड़ा किया था। रात को करीब तीन बजे के लगभग जब वह पंप पर पहुंचा तो वहां खड़ा ट्रॉला गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी ट्रॉला का पता नहीं लगा। सीसी टीवी की जब फुटेज को चेक किया तो उसमे दिखाई दिया कि सिलवर कलर के आयसर ट्रैक्टर में ट्रॉला को जोड़ कर एक व्यक्ति मांट की तरफ ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

# आईसीएआई बैंक ऑडिट सेमिनार में विशेषज्ञों ने साझा की जानकारियां



सेमिनार में विचार व्यक्त करते वक्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की मथुरा शाखा द्वारा बैंक ऑडिट रिपोर्ट विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सीए विजय अग्रवाल ने एग्रीकल्चरल एडवांसेस एवं बैंक ऑडिट की चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं द्वितीय सत्र में सीए भगवान दास गुप्ता ने आईआरएसी एवं एलएफएआर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। सेमिनार ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने बैंक ऑडिट के विभिन्न पहलुओं पर गहन समझ विकसित की। कार्यक्रम का संचालन सीए प्रवीण अग्रवाल ने किया, जबकि शाखा अध्यक्ष सीए लोकेश वार्ष्णेय ने अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार में उपाध्यक्ष सीए राहुल गर्ग सहित सीए राहुल चौधरी, सीए आलोक नगर, सीए रोहित कपूर, सीए गौरांग बंसल, सीए अंकित अग्रवाल, सीए आशुतोष गौतम, सीए शिवम बंसल, सीए पुनीत अग्रवाल, सीए नूपुर अग्रवाल, सीए आकाशदीप गुप्ता, सीए प्रवीण बंसल, सीए नीरज महावर, सीए अमर सेठ, सीए रश्मि बंसल, सीए श्रद्धा गोयल एवं सीए जॉली अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## दो चाकू धारी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविंदनगर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो अभियुक्तों को अवैध चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है।गोविंदनगर पुलिस ने अभियुक्त साबिर निवासी नई बस्ती रेलवे लाइन डीग गेट को महा विद्या कुंड के पार्क के पीछे वाली गली से गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से एक नाजायज चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस ने दूसरे अभियुक्त सलमान निवासी नई बस्ती रेलवे लाइन डीग गेट को मथुरा वृंदावन रोड पर बने हनुमान मंदिर के पास से एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

## गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** मांट पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। मांट पुलिस ने मोहन सिंह उर्फ मोनू निवासी गढ़ी आशा थाना मांट को कूपगढ़ अंडर पास के समीप से गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके कब्जे से एक किलो 230 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## बुखरारी में कुश्ती दंगल दो को

**यूनिक समय, कोसीकलां।** निकटवर्ती गांव बुखरारी में हनुमान जन्मोत्सव पर दंगल मेले का आयोजन दो अप्रैल को किया जाएगा। इसमें दूर दराज से पहलवान आकर अपना दम खम दिखाएंगे, सभी पहलवानों को पुरस्कार दिया जाएगा। दो अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे से सरकारी अस्पताल के पास कुश्ती दंगल होगा। रात्रि में रागनी कंपटीशन गायक तरुण बालियान करेंगे।

# बदलती मर्दानगी: आधुनिक भारतीय पुरुष की नई पहचान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत में पुरुषों की पारंपरिक छवि तेजी से बदल रही है। अब "रफ एंड टफ" मर्द की जगह संवेदनशील, जिम्मेदार और आत्म-जागरूक पुरुष उभर रहा है। बेंगलुरु के आईटी प्रोफेशनल आदित्य मेहरा जैसे लोग इस बदलाव की मिसाल हैं, जो न केवल अपने करियर पर ध्यान देते हैं बल्कि घर-परिवार की जिम्मेदारियों में भी बराबरी निभाते हैं।

आज के पुरुषों के लिए पर्सनल ग्रूमिंग केवल शौक नहीं, बल्कि दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी है। सनस्क्रीन, स्किन केयर और हेयर स्टाइलिंग जैसे उत्पादों का इस्तेमाल अब आम हो गया है। यह बदलाव आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति का संकेत है। 'मिलेनियल डैड' अब बच्चों की परवरिश और घरेलू कामों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। खासकर कोविड-19 के बाद पुरुषों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो अधिक संतुलित और समान रिश्तों को दर्शाती है। समाज में "मर्द को दर्द नहीं होता" जैसी धारणाएं धीरे-धीरे टूट रही हैं। अब पुरुष अपनी भावनाओं को व्यक्त करने, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने और कमजोरी को स्वीकार करने में अधिक सहज हैं।


### नई पीढ़ी की सोच

आज की पीढ़ी के लिए मर्दानगी का अर्थ केवल ताकत नहीं, बल्कि सहानुभूति, जिम्मेदारी और साझेदारी भी है। आधुनिक पुरुष अपने सपनों के साथ परिवार की जरूरतों का भी ख्याल रखता है और महिलाओं की स्वतंत्रता को स्वीकार करता है। यह बदलाव एक अधिक संतुलित, समान और संवेदनशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है।

### सिनेमा और समाज में बदलाव

जहां पहले फिल्मों में कठोर पुरुषत्व दिखाया जाता था, वहीं अब कलाकार संवेदनशील किरदारों को लोकप्रिय बना रहे हैं। यह बदलाव समाज की सोच को भी प्रभावित कर रहा है।

## सुविचार



मेहनत का फल देर से मिले, पर मीठा जरूर होता है, धैर्य रखें।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | चतुर्दशी | 06:56-07:06 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | हस्त | 4:17- 05:38 तक | माह | चैत्र |
| सूर्योदय | | 6:13 AM | चन्द्रोदय | 06:04 PM |
| सूर्यास्त | | 6:32 PM | चंद्रास्त | 06:00 AM |
| सूर्य राशि | | मीन राशि | चंद्र | कन्या राशि |
| शुभ मुहूर्त | | | ब्रहम् मुहूर्त | 05:01-06:05 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 12:23 PM:01:55 PM | वार | बुधवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### 2500 साल पुराने जैन धर्म के पंच महाव्रत

# आज भी जीवन के मार्गदर्शक



**यूनिक समय, मथुरा।** तेजी से बदलती आधुनिक जीवनशैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव के बीच लोग आज भी आंतरिक शांति और संतुलन की तलाश में हैं। ऐसे समय में जैन धर्म के पंच महाव्रत, जिन्हें करीब 2500 वर्ष पूर्व महावीर स्वामी ने प्रतिपादित किया था, आज भी उतने ही प्रासंगिक और उपयोगी माने जाते हैं। ये पांच मूल सिद्धांत–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह–व्यक्ति के जीवन को नैतिक, संतुलित और जागरूक बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

**अहिंसा** का अर्थ केवल शारीरिक हिंसा से बचना नहीं है, बल्कि विचारों, वाणी और व्यवहार में भी किसी को आहत न करना है। आज के डिजिटल युग में, जहां सोशल मीडिया पर कटु भाषा और ट्रोलिंग आम हो चुकी है, वहां संयमित प्रतिक्रिया देना भी अहिंसा का पालन है।

**सत्य** का आशय केवल सच बोलना नहीं, बल्कि ऐसा सच कहना है जो किसी को अनावश्यक रूप से चोट न पहुंचाए। फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं के दौर में किसी भी खबर को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना इस सिद्धांत का आधुनिक रूप है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

**अस्तेय** का मतलब है बिना अनुमति किसी की वस्तु या अधिकार का उपयोग न करना। यह केवल चोरी तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी के काम का श्रेय लेना या इंटरनेट से सामग्री बिना क्रेडिट के इस्तेमाल करना भी इसके विरुद्ध माना जाता है।

**ब्रह्मचर्य** को अक्सर केवल संयम के रूप में देखा जाता है, लेकिन इसका व्यापक अर्थ है इंद्रियों पर नियंत्रण और जीवन में संतुलन बनाए रखना। आज के संदर्भ में यह डिजिटल डिटॉक्स, सीमित स्क्रीन टाइम और अनावश्यक कंटेंट से दूरी बनाने से जुड़ा है।

**अपरिग्रह** का अर्थ है जरूरत से अधिक संग्रह न करना। उपभोक्तावादी समाज में, जहां हर दिन नई चीजें खरीदने का दबाव होता है, यह सिद्धांत 'मिनिमलिज्म' यानी कम में संतोष का संदेश देता है। देश में वर्तमान समय में लगभग 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ताओं के मुकाबले केवल करीब 1.5 करोड़ घरों तक ही पीएनजी जैसी वैकल्पिक ऊर्जा पहुंच पाई है, जो यह भी दर्शाता है कि संसाधनों के संतुलित उपयोग और संयम की आवश्यकता आज भी बनी हुई है–जो अपरिग्रह के सिद्धांत से मेल खाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि पंच महाव्रत केवल धार्मिक या आध्यात्मिक नियम नहीं हैं, बल्कि ये सार्वभौमिक जीवन मूल्य हैं।

कॉर्पोरेट दुनिया में 'एथिकल लीडरशिप' और 'माइंडफुलनेस' जैसे आधुनिक विचार भी इन्हीं सिद्धांतों की झलक प्रस्तुत करते हैं। इस प्रकार, पंच महाव्रत न केवल आत्मिक शांति का मार्ग हैं, बल्कि सामाजिक संतुलन और नैतिक जीवन के भी आधार हैं, जो आज के दौर में भी उतने ही प्रभावी और आवश्यक बने हुए हैं।

## व्रत–त्योहार का कैलेंडर 2026

- 1 अप्रैल, दिन बुधवार: चैत्र पूर्णिमा
- 5 अप्रैल, दिन रविवार: विकट संकष्टी
- 13 अप्रैल, दिन सोमवार: वरूथिनी एकादशी
- 14 अप्रैल, दिन मंगलवार: बैसाखी
- 15 अप्रैल, दिन बुधवार: बुध प्रदोष व्रत, वैशाख मासिक शिवरात्रि
- 17 अप्रैल, दिन शुक्रवार: दर्श अमावस्या, वैशाख अमावस्या
- 19 अप्रैल, दिन रविवार: अक्षय तृतीया
- 20 अप्रैल, दिन सोमवार: संकर्षण चतुर्थी
- 27 अप्रैल, दिन सोमवार: मोहिनी एकादशी
- 28 अप्रैल, दिन मंगलवार: भौम प्रदोष व्रत
- 1 मई, दिन शुक्रवार: वैशाख पूर्णिमा
- 5 मई, दिन मंगलवार: एकदन्त संकष्टी
- 13 मई, दिन बुधवार: अपरा एकादशी
- 14 मई, दिन बृहस्पतिवार: गुरु प्रदोष व्रत
- 15 मई, दिन शुक्रवार: ज्येष्ठ मासिक शिवरात्र
- 16 मई, दिन शनिवार: ज्येष्ठ अमावस्या, पहली शनि अमावस्या
- 20 मई, दिन बुधवार: वरद चतुर्थी
- 27 मई, दिन बुधवार: पद्मिनी एकादशी
- 28 मई, दिन बृहस्पतिवार: गुरु प्रदोष व्रत
- 30 मई, दिन शनिवार: ज्येष्ठ अधिक पूर्णिमा

## कल का राशिफल

बुधवार को ग्रहों की स्थिति खास रहने वाली है। इस दिन बुध और चंद्रमा के गोचर के साथ कई शुभ–अशुभ योग बन रहे हैं, जिनका असर सभी 12 राशियों पर अलग–अलग रूप में देखने को मिलेगा।

**मेष राशिः** कीमती सामान के नुकसान या टूटने से खर्च बढ़ सकता है। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाए रखने की जरूरत होगी।

**वृषभ राशिः** कार्यक्षेत्र में सावधानी रखें, कोई आपके काम में बाधा डाल सकता है। पैसों के लेनदेन में जल्दबाजी से बचें, आंखों से जुड़ी परेशानी संभव है।

**मिथुन राशिः** धन लाभ के योग बन रहे हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा और सेहत भी सामान्य रहेगी।

**कर्क राशिः** आर्थिक नुकसान से तनाव बढ़ सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी, शाम के बाद सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह राशिः** परिवार का सहयोग कम मिलने से मानसिक तनाव रहेगा। स्वास्थ्य भी कमजोर रह सकता है।

**कन्या राशिः** मेहनत के बावजूद कार्य समय पर पूरे नहीं होंगे। विरोधियों से सावधान रहें, पेट संबंधी समस्या हो सकती है।

**तुला राशिः** अकेलापन महसूस होगा और मन किसी काम में नहीं लगेगा। पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक राशिः** घर का माहौल अशांत रह सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति के कारण विवाद और धन हानि संभव है।

**धनु राशिः** घर की मरम्मत में खर्च बढ़ेगा। माता से विवाद हो सकता है, यात्रा में सावधानी रखें।

**मकर राशिः** सेहत खराब रहने से चिड़चिड़ापन बढ़ेगा। वाहन संबंधी खर्च भी हो सकता है।

**कुंभ राशिः** मन परेशान रहेगा और प्रियजनों से दूरी बन सकती है। यात्रा टालें और कीमती सामान का ध्यान रखें।

**मीन राशिः** दिन शुभ संकेत दे रहा है। व्यापार में प्रगति और पुराने निवेश से लाभ मिलने के योग हैं।

# हनुमान जयंती पर करें उपाय, दूर होंगे संकट



**यूनिक समय, मथुरा।** इस वर्ष हनुमान जयंती 2 अप्रैल को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा तिथि 1 अप्रैल सुबह 07:06 बजे से शुरू होकर 2 अप्रैल सुबह 7:41 बजे तक रहेगी। मान्यता है कि इसी दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था, इसलिए यह दिन विशेष फलदायी माना जाता है। इस अवसर पर व्रत, पूजा और विशेष उपाय करने से जीवन के संकट दूर होते हैं और कुंडली के मंगल दोष में भी राहत मिलती है। भक्तों को इस दिन राम नाम का जप, रामचरित मानस या राम स्तुति का पाठ करना चाहिए। हनुमान जी के समक्ष बैठकर राम चालीसा पढ़ना विशेष लाभकारी माना गया है। हनुमान जयंती पर सिंदूर अर्पित करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, भय समाप्त होता है और शत्रुओं पर विजय मिलती है। यदि जीवन में कष्ट या रोग हो, तो हनुमान बाहुक या संकटमोचन हनुमान अष्टक का पाठ करने से राहत मिलती है। विशेष परिस्थितियों में बजरंग बाण का पाठ भी किया जाता है, हालांकि इसे केवल गंभीर संकट में ही करने की सलाह दी जाती है। इस दिन मसूर की दाल, गुड़, चना दाल और लाल वस्त्र का दान करें तथा लड्डू–बूंदी का भोग लगाएं। इससे शनि और मंगल दोष शांत होते हैं और सुख–समृद्धि बढ़ती है।

### 65 दिन में बृहस्पति की बदलेगी किस्मत की चाल

# छह राशियों के जीवन में आएगा बड़ा उलटफेर

**यूनिक समय, मथुरा।** जून की शुरुआत इस बार केवल मौसम नहीं, बल्कि भाग्य के समीकरण भी बदलने वाली मानी जा रही है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 3 जून से बृहस्पति ग्रह मिथुन राशि से कर्क राशि में प्रवेश करेगा। यह गोचर एक महत्वपूर्ण खगोलीय परिवर्तन माना जाता है, जिसका प्रभाव लगभग 65 दिनों के भीतर स्पष्ट रूप से दिखाई देने की संभावना जताई जा रही है।

ज्योतिष में बृहस्पति को ज्ञान, धन, समृद्धि और विस्तार का कारक ग्रह माना जाता है। पिछले एक वर्ष से यह मिथुन राशि में गोचर कर रहा था, जहां इसका प्रभाव अपेक्षाकृत सीमित माना गया। अब कर्क राशि में प्रवेश के साथ इसकी ऊर्जा का स्वरूप बदल जाएगा, जिससे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों–धन, करियर, विवाह, रिश्ते और स्वास्थ्य–पर असर पड़ सकता है।

ज्योतिषीय आकलन के अनुसार इस गोचर का सबसे अधिक



प्रभाव छह राशियों–वृषभ, सिंह, तुला, धनु, कुंभ और मीन–पर देखने को मिलेगा।

**वृषभ राशि** के लिए यह समय आर्थिक रूप से लाभकारी रह सकता है। नौकरी में प्रमोशन, व्यापार में बढ़ोतरी और आय में वृद्धि के संकेत हैं। हालांकि खर्चों में भी बढ़ोतरी हो सकती है, इसलिए संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। कुछ लोगों के लिए संपत्ति खरीदने के योग भी बन सकते हैं।

**सिंह राशि** के जातकों के लिए यह गोचर नए अवसर लेकर आ सकता है। खासकर विदेश यात्रा, नौकरी में स्थिरता और आय के नए स्त्रोत बनने की संभावना है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क बढ़ेगा, जिससे करियर में लाभ मिल सकता है।

**तुला राशि** वालों के लिए यह समय निजी जीवन में सुधार का संकेत देता है। विवाह के योग मजबूत होंगे, प्रेम संबंधों में स्थिरता आएगी और पारिवारिक विवाद सुलझ सकते हैं। आर्थिक स्थिति में भी सुधार संभव है।

**धनु राशि** के लिए यह गोचर करियर में बड़ा बदलाव ला सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे, वेतन वृद्धि और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। कुछ लोगों को नेतृत्व की भूमिका भी मिल सकती है।

**कुंभ राशि** के जातकों को आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और अटके हुए काम पूरे होंगे। संपत्ति से जुड़े विवाद सुलझने की संभावना है।

**मीन राशि** के लिए यह गोचर काफी सकारात्मक माना जा रहा है। नौकरी, व्यवसाय और वैवाहिक जीवन में संतुलन बना रहेगा। आय में वृद्धि और स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं। हालांकि, ज्योतिष में इसे पूरी तरह लाभकारी या हानिकारक नहीं माना जाता। कुछ राशियों के लिए यह समय खर्च बढ़ने और धन प्रवाह में कमी का अनुभव भी करा सकता है, जिसे "कुबेर प्रभाव" में बदलाव के रूप में देखा जाता है। ऐसे में आर्थिक अनुशासन और सावधानी जरूरी होगी।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह गोचर एक "रीसेट" की तरह काम करेगा–कुछ लोगों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा, तो कुछ को अपने फैसलों पर पुनर्विचार करने का अवसर देगा। इसलिए घबराने की बजाय सतर्क रहना और सोच–समझकर निर्णय लेना ही इस समय का सबसे बेहतर उपाय माना गया है।

## सम्पादकीय

# गैस संकट में पाइपलाइन बनी नई उम्मीद

रसोई में चूल्हे की आंच अब केवल दाल–रोटी ही नहीं पकाती, बल्कि देश की ऊर्जा नीति का तापमान भी बताती है। कभी गैस सिलेंडर बुक कराने की जद्दोजहद, डिलीवरी वाले का इंतजार और "आज आएगा या कल" का असमंजस आम बात थी। अब इसी कहानी में एक नया किरदार जुड़ रहा है–पीएनजी, यानी पाइप्ड नेचुरल गैस। दावा है कि इससे रसोई का संकट कम होगा, खर्च घटेगा और सुरक्षा भी बढ़ेगी। सुनने में तो सब कुछ उतना ही सुहावना लगता है जितना बिना धुएं की रसोई।

मगर सवाल यह है कि यह बदलाव इतनी देर से क्यों याद आया?



पवन गौतम
संपादक

वर्षों से पीएनजी के विस्तार के दावे किए जा रहे थे, लेकिन इसकी रफ्तार वही रही–धीमी, सुस्त और कभी–कभी तो दिखती ही नहीं। अब जब वैश्विक हालात ने तेल और गैस की आपूर्ति पर संकट खड़ा कर दिया है, तब अचानक "आत्मनिर्भर रसोई" का विचार जोर पकड़ रहा है। यह ठीक वैसा ही है जैसे गर्मी में पंखा खराब हो जाए तो याद आता है कि सर्विसिंग पहले करानी चाहिए थी। एक ओर सरकार पीएनजी को सस्ता, सुरक्षित और सुविधाजनक बताकर उसका प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी ओर यह चेतावनी भी दी जा रही है कि जहां पीएनजी उपलब्ध है, वहां एलपीजी बंद हो सकती है। यानी विकल्प कम और मजबूरी ज्यादा दिखने लगी है। उपभोक्ता के सामने सवाल है–क्या यह सुविधा है या धीरे–धीरे थोपी जा रही नई व्यवस्था?

बेशक, पीएनजी के फायदे कम नहीं हैं। न सिलेंडर खत्म होने की चिंता, न रिफिल का झंझट और न ही भारी भरकम भुगतान का दबाव। "जितना इस्तेमाल, उतना भुगतान" वाला मॉडल आम आदमी को राहत दे सकता है। सुरक्षा के लिहाज से भी यह बेहतर है, क्योंकि सिलेंडर फटने जैसे हादसों का खतरा लगभग खत्म हो जाता है। लेकिन इन सबके बावजूद इसकी पहुंच अभी बेहद सीमित है–करोड़ों एलपीजी उपभोक्ताओं के मुकाबले पीएनजी उपभोक्ता गिनती के ही हैं। असल चुनौती यही है। जब तक पाइपलाइन हर शहर, हर मोहल्ले और हर घर तक नहीं पहुंचेगी, तब तक यह बदलाव अधूरा रहेगा। केवल घोषणाओं और योजनाओं से रसोई नहीं जलती, उसके लिए जमीन पर काम भी उतनी ही तेजी से होना चाहिए।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

अंततः, पीएनजी कोई जादुई समाधान नहीं, बल्कि एक बेहतर विकल्प जरूर है। लेकिन यदि इसे समय रहते और योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाता, तो शायद आज "गैस संकट" शब्द इतना डरावना न लगता। फिलहाल तो यही कहा जा सकता है–रसोई बदल रही है, पर बदलाव की आंच अभी धीमी ही है।

## नजरिया

# संस्थाओं की साख और सियासत का संग्राम

योगेन्द्र योगी



भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संस्थाएं रही हैं–वे संस्थाएं जो संविधान की आत्मा को जीवित रखती हैं, सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन साधती हैं और जनता के विश्वास की आधारशिला बनती हैं। लेकिन हाल के वर्षों में इन संस्थाओं पर उठते सवाल एक नई चिंता को जन्म दे रहे हैं। सवाल केवल व्यक्तियों पर नहीं हैं, बल्कि उस व्यवस्था पर हैं जो लोकतंत्र की रीढ़ कही जाती है।

संसद, जो जनता की आवाज़ का सबसे बड़ा मंच है, आज बहस का नहीं बल्कि टकराव का अखाड़ा बनती जा रही है। सत्ता और विपक्ष के बीच संवाद की जगह आरोप–प्रत्यारोप ने ले ली है। कभी विपक्ष यह आरोप लगाता है कि उसे बोलने नहीं दिया जाता, तो कभी सत्ता पक्ष विपक्ष की सक्रियता और उपस्थिति पर सवाल उठाता है। यह स्थिति केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की परीक्षा भी है।

लोकसभा और राज्यसभा के संचालन को लेकर जो विवाद सामने आए हैं, वे केवल प्रक्रियात्मक मुद्दे नहीं हैं। जब विपक्ष यह कहता है कि सदन की कार्यवाही निष्पक्ष नहीं है, तो यह एक गंभीर आरोप होता है। वहीं सत्ता पक्ष यह तर्क देता है कि नियमों और अनुशासन का पालन आवश्यक है। सत्य शायद इन दोनों के बीच कहीं है, लेकिन समस्या यह है कि संवाद का पुल टूटता जा रहा है।

व्यंग्य यह है कि लोकतंत्र में हर पक्ष स्वयं को 'लोकतंत्र का रक्षक' घोषित करता है और दूसरे को 'लोकतंत्र का दोषी'। यह ठीक वैसा ही है जैसे दो लोग एक ही दर्पण में अपनी–अपनी सूरत देखकर दूसरे को दोषी ठहराएं। लोकतंत्र का सौंदर्य विविधता और असहमति में है, लेकिन जब असहमति को ही अपराध मान लिया जाए, तब चिंता स्वाभाविक है।

संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगाना कोई साधारण बात नहीं होती। लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के सभापति, चुनाव आयोग या नियंत्रक–महालेखा परीक्षक जैसे पद केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक अधिकार के प्रतीक होते हैं। जब इन पर पक्षपात के आरोप लगते हैं, तो यह केवल एक व्यक्ति की आलोचना नहीं, बल्कि पूरी संस्था की विश्वसनीयता पर आघात होता है।

यह भी सच है कि विपक्ष का काम सवाल उठाना है। यदि विपक्ष सवाल नहीं उठाएगा तो लोकतंत्र एकतरफा हो जाएगा। लेकिन सवाल उठाने और संस्थाओं की गरिमा को कमजोर करने के बीच एक महीन रेखा होती है। दुर्भाग्य से आज यह रेखा धुंधली होती जा रही है। हर मुद्दे को राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति ने संस्थाओं की निष्पक्षता पर अविश्वास को जन्म दिया है।

दूसरी ओर, सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। केवल यह कह देना कि "सब कुछ नियमों के अनुसार हो रहा है" पर्याप्त नहीं होता। लोकतंत्र केवल नियमों से नहीं, बल्कि विश्वास से चलता है। यदि जनता और विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करे कि उसकी आवाज दबाई जा रही है, तो यह संकेत है कि कहीं न कहीं संवाद में कमी है।

विडंबना यह है कि आज लोकतंत्र के नाम पर ही लोकतंत्र को चुनौती दी जा रही है। संसद में बहस की जगह शोर, तर्क की जगह तंज और संवाद की जगह टकराव ने ले ली है। यह स्थिति उस किसान की तरह है जो अपनी ही जमीन को उपजाऊ बनाने के बजाय उसे विवादों में उलझा देता है।

संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर उठते सवाल केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित नहीं हैं, बल्कि न्यायपालिका तक भी पहुंच चुके हैं। नियुक्तियों की प्रक्रिया, पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर जो बहस चल रही है, वह यह संकेत देती है कि लोकतंत्र अब केवल चुनावों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि संस्थागत सुधार की मांग भी जोर पकड़ रही है।

यहां एक और व्यंग्यात्मक पहलू सामने आता है–हर पक्ष पारदर्शिता की मांग करता है, लेकिन जब पारदर्शिता की बारी खुद पर आती है, तो चुप्पी साध ली जाती है। लोकतंत्र में पारदर्शिता एकतरफा नहीं हो सकती; यह सभी पर समान रूप से लागू होती है।

लोकतंत्र का वास्तविक संकट तब शुरू होता है जब जनता का विश्वास डगमगाने लगता है। यदि लोगों को यह लगने लगे कि संस्थाएं निष्पक्ष नहीं हैं, तो यह स्थिति किसी भी लोकतंत्र के लिए खतरनाक होती है। विश्वास एक बार टूट जाए, तो उसे पुनः स्थापित करना अत्यंत कठिन होता है।

समाधान क्या है? इसका उत्तर भी लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों में ही छिपा है–संवाद, पारदर्शिता और जवाबदेही। सत्ता को अधिक संवेदनशील और जवाबदेह होना होगा, वहीं विपक्ष को अधिक जिम्मेदार और रचनात्मक भूमिका निभानी होगी। केवल विरोध के लिए विरोध करना भी उतना ही हानिकारक है जितना कि आलोचना को अनदेखा करना।

संस्थाओं को भी आत्ममंथन की आवश्यकता है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके निर्णय और कार्यप्रणाली न केवल निष्पक्ष हों, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी। क्योंकि लोकतंत्र में केवल न्याय होना ही पर्याप्त नहीं है, न्याय का दिखना भी उतना ही आवश्यक है।

अंततः, लोकतंत्र कोई स्थिर व्यवस्था नहीं है; यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हर पीढ़ी को अपने व्यवहार और निर्णयों से मजबूत करना होता है। यदि हम इसे केवल राजनीतिक लाभ–हानि के तराजू पर तौलेंगे, तो इसकी आत्मा कमजोर होती जाएगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम संस्थाओं को राजनीति का अखाड़ा बनाने के बजाय उन्हें लोकतंत्र का मंदिर समझें। जहां मतभेद हों, लेकिन मनभेद न हों। जहां सवाल उठें, लेकिन सम्मान बना रहे। और जहां सत्ता और विपक्ष दोनों यह समझें कि वे प्रतिद्वंद्वी जरूर हैं, लेकिन लोकतंत्र के सह–यात्री भी हैं। यदि यह संतुलन कायम नहीं हुआ, तो आने वाले समय में लोकतंत्र केवल एक शब्द बनकर रह जाएगा–जिसकी चर्चा तो होगी, लेकिन जिसकी आत्मा कहीं खो जाएगी।

## विचार विण्डो

# तेल, गैस के बाद अब बिजली पर आएगा संकट


बोध प्रकाश सगुणी

मार्च खत्म होते–होते ही गर्मी ने जिस तेवर के साथ दस्तक दी है, उसने आने वाले महीनों की तस्वीर साफ कर दी है–पसीना सिर्फ मौसम का नहीं होगा, बल्कि बिजली के बिल, कटौती और अनिश्चितता का भी होगा। कभी रसोई में गैस की चिंता थी, अब चूल्हा भी बिजली से जलने लगा है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है–तेल कम, गैस कम...तो क्या अब बिजली भी कम पड़ने वाली है?

भारत में गर्मी का मौसम हमेशा से बिजली व्यवस्था की परीक्षा लेता रहा है, लेकिन इस बार चुनौती कुछ ज्यादा ही गंभीर दिख रही है। ऊर्जा विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस वर्ष बिजली की अधिकतम मांग ढाई लाख मेगावाट तक पहुंच सकती है, जो अब तक का रिकॉर्ड होगा। पिछले साल ही यह आंकड़ा दो लाख तीस हजार मेगावाट के करीब पहुंच गया था। यानी हर साल मांग नई ऊंचाई छू रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या हमारी तैयारी भी उसी रफ्तार से बढ़ रही है?

गर्मी बढ़ते ही घरों में पंखे, कूलर और एसी की आवाज़ें एक साथ गूंजने लगती हैं। दफ्तरों से लेकर बाजारों तक, हर जगह बिजली की खपत अचानक उछाल मारती है। अब इसमें एक नया ट्रेंड भी जुड़ गया है–इंडक्शन चूल्हे, इलेक्ट्रिक गीजर, हीटर और अन्य उपकरणों का बढ़ता इस्तेमाल। यानी जो काम पहले गैस या अन्य ईंधनों से होते थे, अब वे भी बिजली के भरोसे हैं। परिणाम यह कि बिजली केवल सुविधा नहीं, बल्कि जीवन की अनिवार्यता बनती जा रही है। लेकिन इस बढ़ती निर्भरता के बीच हमारी ऊर्जा व्यवस्था की हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। भारत आज भी अपनी लगभग सत्तर प्रतिशत बिजली कोयले से पैदा करता है। कोयला–जिसकी खुद की आपूर्ति एक लंबी और जटिल श्रृंखला पर निर्भर है। खदानों से उत्पादन, रेलवे से परिवहन और बिजलीघरों तक आपूर्ति–इस पूरी प्रक्रिया में कहीं भी बाधा आई, तो सीधे असर बिजली उत्पादन पर पड़ता है।

गर्मी के दिनों में अक्सर यह खबर सुनने को मिलती है कि बिजलीघरों के पास केवल कुछ दिनों का कोयला भंडार बचा है। यह स्थिति किसी भी समय संकट का रूप ले सकती है। और जब मांग अपने चरम पर हो, तब आपूर्ति में थोड़ी सी भी कमी बड़े संकट में बदल जाती है। इस बार चिंता केवल घरेलू कारणों तक सीमित नहीं है। पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व में चल रहे तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को भी अस्थिर कर दिया है। ये क्षेत्र दुनिया के प्रमुख तेल और गैस आपूर्तिकर्ता हैं। यदि वहां आपूर्ति



बाधित होती है या कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका असर भारत जैसे आयात–निर्भर देशों पर सीधे पड़ता है। भले ही भारत अपनी अधिकांश बिजली कोयले से बनाता हो, लेकिन गैस आधारित संयंत्र और आयातित ईंधन भी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अब जरा इस पूरे परिदृश्य को एक आम उपभोक्ता की नजर से देखें। उसे बस इतना दिखता है कि बिजली का बिल बढ़ रहा है, कटौती की आशंका बढ़ रही है और राहत की उम्मीद कम होती जा रही है। यदि उत्पादन लागत बढ़ती है, तो उसका बोझ अंततः उपभोक्ता पर ही आता है। सरकार भले ही सब्सिडी देकर कुछ समय के लिए राहत दे दे, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। यही वह बिंदु है जहां ऊर्जा नीति और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर साफ नजर आता है। एक ओर हम नवीकरणीय ऊर्जा–सौर और पवन–की बात करते हैं, दूसरी ओर हमारी निर्भरता अब भी पारंपरिक स्त्रोतों पर बनी हुई है। सौर ऊर्जा दिन में मदद कर सकती है, लेकिन रात में क्या होगा? पवन ऊर्जा हर समय उपलब्ध नहीं रहती। यानी इन विकल्पों के बावजूद बेस लोड के लिए हमें अभी भी कोयले और अन्य पारंपरिक स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस पूरी स्थिति में सबसे बड़ा सवाल यही है–क्या बिजली कटौती बढ़ेगी? इसका सीधा जवाब आसान नहीं है, लेकिन संकेत जरूर मिल रहे हैं। यदि मांग और आपूर्ति के बीच अंतर ज्यादा बढ़ता है, तो लोड प्रबंधन के नाम पर कटौती एक सामान्य बात बन सकती है। खासकर ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में इसका असर अधिक देखने को मिल सकता है। शहरों में भी पीक आवर्स के दौरान दबाव बढ़ना तय है। हालांकि सरकार ने इस चुनौती को समझते हुए कुछ कदम उठाए हैं। कोयला उत्पादन बढ़ाने, बिजलीघरों में न्यूनतम भंडार सुनिश्चित करने और राज्यों के साथ बेहतर समन्वय पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में भी तेजी दिखाई जा रही है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये कदम बढ़ती मांग के सामने पर्याप्त साबित होंगे? ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि केवल उत्पादन बढ़ाना ही समाधान नहीं है। मांग प्रबंधन भी उतना ही जरूरी है। यानी हमें यह भी सीखना होगा कि बिजली का उपयोग कैसे और कब करना है। ऊर्जा दक्ष उपकरणों का इस्तेमाल, अनावश्यक खपत को कम करना और स्मार्ट ग्रिड तकनीक को अपनाना इस दिशा में अहम कदम हो सकते हैं। हम अक्सर बिजली बचाने की सलाह तब देते हैं, जब कटौती शुरू हो जाती है।

यानी जब अंधेरा घिर आता है, तब हमें रोशनी की कीमत समझ में आती है। लेकिन यदि हम पहले से ही सतर्क हो जाएं, तो शायद हालात इतने गंभीर न हों। अंततः, यह केवल सरकार या ऊर्जा कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक सामूहिक चुनौती है, जिसमें हर उपभोक्ता की भूमिका है। हमें यह समझना होगा कि बिजली कोई असीमित संसाधन नहीं है। जितनी तेजी से हमारी जरूरतें बढ़ रही हैं, उतनी ही तेजी से हमें अपने व्यवहार में भी बदलाव लाना होगा। गर्मी हर साल आती है, लेकिन हर साल वह एक नई चुनौती लेकर आती है। इस बार चुनौती सिर्फ तापमान की नहीं, बल्कि ऊर्जा संतुलन की भी है। आने वाले महीनों में यह साफ हो जाएगा कि हम इस परीक्षा के लिए कितने तैयार हैं। तब तक, पंखा चलाते समय यह जरूर सोचिए–कहीं यह हवा भविष्य के किसी अंधेरे की कीमत पर तो नहीं चल रही?

# गुलाबी जर्सी में चमके रवींद्र जडेजा सीएसके को दिए दो बड़े झटके



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में रवींद्र जडेजा नए रंग में नजर आ रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी छोड़ अब वह राजस्थान रॉयल्स की गुलाबी जर्सी में खेल रहे हैं, और उनका प्रदर्शन भी उतना ही दमदार दिख रहा है। सीएसके के खिलाफ मुकाबले में जडेजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एक ही ओवर में दो अहम विकेट झटके।

बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में जडेजा ने सरफराज खान और शिवम दुबे को लगातार गेंदों पर आउट कर मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने तीन ओवर में सिर्फ 18 रन देकर दो विकेट लिए और सीएसके की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। मैच के बाद जडेजा ने मजाकिया अंदाज में कहा कि "मुझ पर गुलाबी जर्सी अच्छी लगती है।" दुबे के विकेट पर बात करते हुए जडेजा ने बताया कि वह उन्हें लंबे समय से जानते हैं और नेट्स में कई बार गेंदबाजी कर चुके हैं।

उन्हें पहले से अंदाजा था कि दुबे बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेंगे, इसलिए उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर गेंदबाजी की रणनीति अपनाई। पिच से मिल रही मदद ने भी उनके प्रदर्शन को और प्रभावी बना दिया। यह आईपीएल में जडेजा की राजस्थान के साथ दूसरी पारी है। 2008 में भी वह टीम का हिस्सा रह चुके हैं। आईपीएल 2026 में ट्रेड के जरिए वापसी करने वाले इस अनुभवी ऑलराउंडर ने पहले ही मैच में साबित कर दिया कि वह आज भी मैच जिताने की क्षमता रखते हैं।

# आयुष म्हात्रे की गलती ने टीम के लिए बढ़ाईं मुश्किलें



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी। इस हार के लिए पूरी टीम जिम्मेदार रही, लेकिन युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की एक बड़ी गलती ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

मैच में संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ सस्ते में आउट हो गए, जिससे टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। इसके बाद तीसरे नंबर पर आए आयुष म्हात्रे पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए। सबसे हैरानी वाली बात यह रही कि आउट होने के बाद भी उन्होंने डीआरएस लेने का फैसला किया। रिप्ले में साफ दिखा कि गेंद बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों में गई थी। ऐसे में डीआरएस पूरी तरह बेकार गया। यह फैसला टीम के लिए और नुकसानदेह साबित हुआ, क्योंकि शुरुआती झटकों के बीच एक रिव्यू गंवाना रणनीतिक रूप से बड़ी चूक थी। गौरतलब है कि जब ऋतुराज गायकवाड़ आउट हुए, तब स्कोर 19 रन था और म्हात्रे के आउट होने पर भी स्कोर वही रहा। लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई और फिर वापसी नहीं कर सकी। यह मैच युवा खिलाड़ियों के लिए सीख भी है कि मैदान पर संयम और सही निर्णय कितना जरूरी होता है।

## पीएसएल में नया विवाद: शाहीन अफरीदी पर लगा जुर्माना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पीएसएल के मौजूदा सीजन में एक और विवाद सामने आया है। शाहीन अफरीदी पर नियमों के उल्लंघन के चलते भारी जुर्माना लगाया गया है। आरोप है कि उन्होंने सिकंदर रजा के साथ मिलकर बिना अनुमति कुछ बाहरी लोगों को टीम होटल में प्रवेश कराया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये लोग 28 मार्च की रात को होटल में पहुंचे और करीब दो घंटे तक अंदर रहे। हालांकि, सिकंदर रजा का कहना है कि वे केवल 40 मिनट तक ही वहां मौजूद थे। मामले के बढ़ने पर रजा ने पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली, लेकिन इसके बावजूद लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन अफरीदी पर एक लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया गया। टीम प्रबंधन ने घटना को गंभीर मानते हुए खिलाड़ियों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी है।

# राजस्थान रॉयल्स का वैभव पर 10 करोड़ रुपये खर्च करने का विचार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने 13 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर 10 करोड़ रुपये तक खर्च करने पर विचार किया। यह निर्णय ट्रायल्स में उनके असाधारण प्रदर्शन के कारण लिया गया।

टीम के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर जुबिन मिनू भरूचा ने ऑक्शन से पहले कहा था कि वैभव के लिए 10 करोड़ अलग रखो। महाराष्ट्र के तालेगांव में हुए ट्रायल्स में वैभव ने पहली ही गेंद पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर छक्का जड़ा। बाद में 157 किमी/घंटा की रफ्तार वाली साइडआर्म गेंद पर भी उन्होंने साइटस्क्रीन के ऊपर से छक्का मारकर सभी को हैरान कर दिया। उनकी तकनीक, शांति और आत्मविश्वास ने टीम मैनेजमेंट को प्रभावित किया। यही कारण था कि राजस्थान ने अंततः वैभव को 1.1 करोड़ रुपये में खरीद लिया, जो प्रस्तावित 10 करोड़ का सिर्फ दसवां हिस्सा था। बिहार के छोटे गांव से निकलकर आईपीएल तक पहुंचने वाले वैभव की कहानी जुनून, मेहनत और सपनों की ताकत का शानदार उदाहरण है।

## राजपाल यादव ने कहा जीवन भर कर्ज चुकाने की कोशिश करूंगा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चेक बाउंस मामले में अंतरिम बेल पर जेल से बाहर आए अभिनेता राजपाल यादव ने इंडस्ट्री और शुभचिंतकों द्वारा मिली आर्थिक मदद के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि कठिन समय में मिले प्यार और समर्थन ने उन्हें हिम्मत दी। राजपाल ने यह भी कहा कि वह जीवन भर इस कर्ज को चुकाने की कोशिश करेंगे और इसे सम्मानपूर्वक लौटाने का प्रयास करेंगे। राजपाल ने अपनी टीम को निर्देश दिया है कि सभी योगदानकर्ताओं के बैंक स्टेटमेंट और राशि का मिलान किया जाए, ताकि पूरी रकम लौटाई जा सके। उन्होंने नाम लिए बिना सभी का धन्यवाद किया और कहा कि चाहे वे बच्चे हों जिन्होंने अपनी गुल्लक तोड़ी, या सेलेब्स जैसे सोनू सूद, सलमान खान, अजय देवगन, वरुण धवन, सभी का जीवन सुखमय हो। राजपाल फिलहाल फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म अक्षय कुमार, तब्बू और परेश रावल के साथ बन रही है और 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## मंच पर बेइज्जती का शिकार हुए सुनील पाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार उनके बयान नहीं बल्कि एक वायरल वीडियो की वजह से। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बुलाया गया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित भी किया गया।

लेकिन जब वे माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, तो उन्हें बोलने से रोका जाता है और स्टेज से जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील बार-बार कहते सुनाई देते हैं, "शुक्रिया तो कहने दो।" इसके बावजूद आयोजक उन्हें बोलने की अनुमति नहीं देते। मंच पर मौजूद अन्य लोग उन्हें बोलने देने की अपील करते हैं, लेकिन यह नहीं मानी जाती। यह घटना एक मुशायरा या कवि सम्मेलन की लगती है। वीडियो वायरल होते ही यूजर्स ने नाराजगी जताई और सुनील के साथ हुई इस बेइज्जती पर गुस्सा दिखाया। इस घटना ने फिर एक बार मंच पर कलाकारों की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे को सोशल मीडिया पर चर्चा में ला दिया। इस तरह, सुनील पाल का अपमान दर्शकों और नेटिजन्स के बीच सवाल खड़ा कर गया है कि मंच पर सम्मान के नाम पर भी कलाकारों की आवाज क्यों दबाई जाती है।

# 'रामायण' में रणबीर कपूर के राम अवतार ने फैंस को किया भावुक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' का पहला टीजर लॉस एंजेलिस में विशेष स्क्रीनिंग में दिखाया गया, जहाँ रणबीर कपूर के 'राम' अवतार को देखकर दर्शक भावुक हो गए। इस प्रीव्यू में मोबाइल रिकॉर्डिंग की अनुमति नहीं थी, लेकिन कुछ शॉट्स सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। रणबीर कपूर, नमिता मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी खुद इस स्क्रीनिंग में मौजूद थे। रणबीर ने कहा कि यह फिल्म उनके दिल के बहुत करीब है और इसे सबसे पहले दर्शकों के साथ साझा करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने भगवान राम के किरदार को केवल धार्मिक पात्र नहीं बताया, बल्कि सदियों से करोड़ों लोगों के लिए नैतिक आदर्श और मर्यादा पुरुषोत्तम का प्रतीक बताया।

दर्शकों की प्रतिक्रिया भी अत्यधिक सकारात्मक रही। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने लिखा कि उन्होंने जो देखा, वह उम्मीद से कहीं अधिक प्रभावशाली था। एक खास सीन में राम नाव में बैठे थे और उनका धीरे-धीरे मुड़ना दर्शकों को भावुक कर गया।

फिल्म में साईं पल्लवी माता सीता, यश रावण, सन्नी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिकाओं में नजर आएंगे। रामायण का पहला भाग इस साल दिवाली पर और दूसरा भाग 2027 की दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

# जैक स्नाइडर का सरप्राइज, हुमा कुरैशी ने किया खास रिप्लाई




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मनोरंजन जगत में मंगलवार की सुबह हुमा कुरैशी के लिए बेहद खास रही। हॉलीवुड फिल्ममेकर जैक स्नाइडर ने उन्हें एक सरप्राइज मैसेज भेजा। यह संदेश उनकी 2021 की हॉलीवुड फिल्म 'आर्मी ऑफ द डेड' के पांच साल बाद आया, जिसमें हुमा ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। जैक स्नाइडर ने इंस्टाग्राम पर हुमा की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्रतिभाशाली हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी शानदार है। हुमा ने इसका जवाब देते हुए लिखा, "आप सबसे अच्छे हैं, बॉस मैन।" इस सरप्राइज से वह बेहद खुश हैं और अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जैक को धन्यवाद कहते हुए लिखा कि यह मैसेज उनके लिए बहुत प्यारा सरप्राइज था और उन्होंने अपनी 'आर्मी ऑफ द डेड' फैमिली को भी याद किया। 'आर्मी ऑफ द डेड' में डेव बॉतिस्ता मुख्य भूमिका में थे और कहानी वेगास के कसीनो में डकैती के इर्द–गिर्द घूमती है। हुमा कुरैशी के अलावा एला पर्नेल, ओमारी हार्डविक और एना डे ला रेग्वेरा जैसी कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा थीं। यह हुमा की पहली हॉलीवुड फिल्म थी। अभी हुमा अपनी नई फिल्म 'टॉक्सिक' की तैयारी में हैं, जो 4 जून 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म में यश, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी और नयनतारा मुख्य भूमिकाओं में हैं।


# न्यूजीलैंड सीरीज से रैंकिंग सुधारने की तैयारी में बांग्लादेश



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारियां अभी से तेज हो गई हैं और टीमों के बीच क्वालीफिकेशन की जंग शुरू हो चुकी है। यह टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका और नामीबिया में खेला जाएगा। मेजबान होने के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं, जबकि बाकी टीमों को रैंकिंग और क्वालीफायर के जरिए जगह बनानी होगी।

आईसीसी नियमों के अनुसार, रैंकिंग में शीर्ष टीमों को सीधा प्रवेश मिलता है। फिलहाल बांग्लादेश राष्ट्रीय क्रिकेट टीम नौवें स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम दसवें नंबर पर मौजूद है। ऐसे में अगर अभी चयन हो, तो बांग्लादेश सीधे वर्ल्ड कप में पहुंच जाएगा और वेस्टइंडीज को क्वालीफायर खेलना पड़ेगा। इसी बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एक रणनीतिक कदम उठाया है। टीम अप्रैल में न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय क्रिकेट टीमें के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में न्यूजीलैंड की अपेक्षाकृत कमजोर टीम उतर सकती है, क्योंकि कई प्रमुख खिलाड़ी आईपीएल में व्यस्त हैं। इसका फायदा उठाकर बांग्लादेश अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल कर सकता है। अगर बांग्लादेश इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करता है, तो उसकी आईसीसी रेटिंग में बड़ा सुधार होगा। तीनों मैच जीतने पर उसकी रेटिंग काफी बढ़ सकती है, जिससे वह वेस्टइंडीज से और आगे निकल जाएगा। वहीं, वेस्टइंडीज को अगली वनडे सीरीज जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलनी है, जो उसके लिए आसान नहीं होगी। दो बार की विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। अगर टीम क्वालीफायर में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, तो वह वर्ल्ड कप से बाहर हो सकती है। ऐसे में आने वाले महीनों में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की सीरीज वर्ल्ड कप 2027 की तस्वीर काफी हद तक साफ कर सकती है।

# साउथ की फिल्म 'डकैत' में दिखी पवन सिंह की पावर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह की आवाज अब साउथ फिल्म में भी गूंजने लगी है। अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत फिल्म 'डकैत' के गाने 'टच बडी' का भव्य लॉन्च गोरखपुर में किया गया। पवन सिंह ने अपनी सुरीली आवाज से इस गाने में चार चांद लगा दिए। लॉन्च इवेंट महंत दिग्विजय नाथ पार्क में शाम सात बजे आयोजित हुआ। इस दौरान पवन सिंह के साथ जोनिटा गांधी ने भी अपनी खूबसूरत आवाज से गाने को सजाया। गाने में पवन सिंह की झलक भी फैंस के लिए स्पेशल ट्रीट रही। वे साउथ की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और गाने में भोजपुरी बोलते दिखे, जिससे फैंस का उत्साह और बढ़ गया। 'टच बडी' गाने में हिंदी, साउथ और पंजाबी का तड़का है। अदिवी शेष और जोनिटा गांधी के डांस मूव्स ने गाने को और आकर्षक बना दिया है। फिल्म 'डकैत' अगले महीने यानी 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं, जबकि अनुराग कश्यप भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे।

# मथुरा सहित 20 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का खतरा

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। खासतौर पर पश्चिमी यूपी के करीब 20 जिलों में तेज हवाओं और बारिश की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, सहारनपुर, मेरठ, मथुरा, अलीगढ़, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, झांसी समेत कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ ही



### 40 से 50 किमी रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं

### तापमान में 3 से 4 डिग्री गिरावट के आसार

### पश्चिमी विक्षोभ बना मौसम बदलाव की वजह

### मौसम को लेकर किसानों की बढ़ी चिंता

ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है, जिससे खासकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।

सोमवार को भी प्रदेश के कई इलाकों में मौसम ने अचानक रुख बदला था। सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी दर्ज की गई। वहीं तापमान ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। बांदा में 41.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, जबकि प्रयागराज और वाराणसी में भी पारा 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वैज्ञानिकों के अनुसार ईरान के आसपास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके असर से प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश के साथ तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट आ सकती है।

राजधानी लखनऊ में भी बादलों की आवाजाही बढ़ने और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। हालांकि 1 अप्रैल से मौसम के फिर से शुष्क होने की संभावना जताई गई है।

कुल मिलाकर, गर्मी के बीच मौसम का यह अचानक बदलाव लोगों को राहत भी देगा और परेशानी भी बढ़ा सकता है, खासकर किसानों के लिए यह समय सतर्क रहने का है।

### आगरा में अग्निवीर भर्ती कल से

# रैली में 12 जिलों के 19 हजार युवा आजमाएंगे दमखम

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक अप्रैल से 19 अप्रैल तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 19 हजार अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। ये सभी उम्मीदवार पहले ही ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम पास कर चुके हैं और अब शारीरिक दक्षता, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरेंगे। भर्ती को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं। स्टेडियम के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आर्मी इंटेलिजेंस, एसओजी और स्थानीय पुलिस की टीमें फर्जी अभ्यर्थियों




और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगी। यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए 31 मार्च से 19 अप्रैल तक रूट डायवर्जन लागू किया गया है। प्रतिदिन शाम 6 बजे से अगले दिन सुबह 9 बजे तक अवंतीबाई चौराहे से स्टेडियम की ओर जाने वाले वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। सदर बाजार और ग्वालियर की ओर जाने वाले वाहन माल रोड से होकर गुजरेंगे। करीब 10 स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनाती की गई है और बैरियर भी लगाए गए हैं। अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए विशेष

### स्टेडियम की ओर आने वाले वाहन रहेंगे प्रतिबंधित

व्यवस्था की गई है। उन्हें मुख्य गेट से प्रवेश देकर निर्धारित मार्ग से दौड़ करवाई जाएगी। इस दौरान एक लेन पर यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। सेना भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी दलाल या फर्जी एजेंट के झांसे में न आएं। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और योग्यता आधारित है। अभ्यर्थियों को केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही जानकारी लेने और निर्धारित समय पर सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की सलाह दी गई है।

# सीएम योगी पर टिप्पणी करने वाला मौलाना गिरफ्तार



**यूनिक समय, बहराइच।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी मौलाना अब्दुल सलीम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई यूपी एसटीएफ द्वारा की गई, जिसने आरोपी को बिहार से पकड़कर बहराइच पुलिस को सौंप दिया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी को नगर कोतवाली लाकर करीब 30 मिनट तक पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले मौलाना अब्दुल सलीम ने मुख्यमंत्री की मां के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद प्रदेश में आक्रोश फैल गया था। बहराइच समेत कई जिलों में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

इस मामले में 8 मार्च को विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने नगर कोतवाली में तहरीर दी थी, जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया। तभी से पुलिस और एसटीएफ की टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थीं।

एएसपी नगर अशोक सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह ने दिया इस्तीफा

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने सरकार को भेजे पत्र में गंभीर आरोप लगाए और कहा कि उन्हें काम करने का अवसर नहीं दिया गया। रिंकू सिंह ने अपने पत्र में कहा कि प्रशासन में संवैधानिक व्यवस्था के समानांतर एक अलग सिस्टम



### कहा, प्रशासन में संवैधानिक व्यवस्था के समानांतर एक अलग सिस्टम चल रहा है

### मौजूदा परिस्थितियों में काम करना संभव नहीं

चल रहा है। उनका कहना है कि कार्रवाई के बाद उन्हें साइडलाइन कर दिया गया और जनसेवा का मौका नहीं मिला, जबकि वेतन मिलता रहा। रिंकू सिंह पहले भी कई बार सुर्खियों में रह चुके हैं।

वर्ष 2009 में एक बड़े घोटाले का खुलासा करने के बाद उन पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें उन्हें कई गोलियां लगी थीं। इसके बावजूद उन्होंने अपनी लड़ाई जारी रखी। हाल ही में शाहजहांपुर में वकीलों के प्रदर्शन के दौरान उनका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद उन्हें अटैच कर दिया गया था। तब से उन्हें नई पोस्टिंग नहीं मिली। रिंकू सिंह ने अपने इस्तीफे को नैतिक निर्णय बताते हुए कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में काम करना संभव नहीं है।

# संगठन को मजबूत बनाओ जनता से जुड़ो : मायावती

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल के बीच राजधानी लखनऊ में मायावती ने बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक की। यह बैठक बसपा कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें राज्य और जिला स्तर के प्रमुख नेता शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना और आगामी राजनीतिक रणनीति को धार देना रहा।

बैठक के दौरान पार्टी के जमीनी ढांचे की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। मायावती ने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की ताकत उसकी जमीनी पकड़ और समर्पित कार्यकर्ता हैं, इसलिए हर स्तर पर सक्रियता जरूरी है।

इसके साथ ही आर्थिक मजबूती पर भी विशेष ध्यान दिया गया। पार्टी को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के लिए संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और



जनसंपर्क बढ़ाने पर चर्चा हुई। मायावती ने स्पष्ट किया कि संगठनात्मक मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। सामाजिक समीकरणों को मजबूत करने और नए वर्गों को जोड़ने पर भी रणनीति बनाई गई।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बैठक आगामी चुनावों को देखते हुए बसपा की सक्रियता का संकेत है। मायावती का यह कदम पार्टी को फिर से मजबूत करने और राजनीतिक जमीन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# यूपी में अंडों पर एक्सपायरी डेट का नियम अटका

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अंडों पर एक्सपायरी डेट लिखने का नियम फिलहाल लागू नहीं हो पाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने साफ किया है कि यदि इस नियम को सख्ती से लागू किया गया, तो राज्य में अंडों की भारी कमी हो सकती है और कीमतों में भी तेजी आ सकती है।

दरअसल, यूपी में रोजाना करीब 3.35 करोड़ अंडों की खपत होती है, जबकि स्थानीय उत्पादन लगभग 1.80 करोड़ अंडों का ही है। शेष 1.55 करोड़ अंडे हरियाणा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु जैसे राज्यों से आते हैं। इन राज्यों में आमतौर पर अंडों पर एक्सपायरी या प्रोडक्शन डेट की स्टैंपिंग नहीं होती, जिससे यूपी में यह



नियम लागू होते ही बाहरी सप्लाई बाधित हो सकती है। एक और बड़ी समस्या स्टोरेज को लेकर है। अंडों की उम्र तापमान पर निर्भर करती है-कोल्ड स्टोरेज में 35-45 दिन तक सुरक्षित रहते हैं, जबकि सामान्य तापमान पर

### सप्लाई संकट से बढ़ सकती हैं कीमतें

केवल 14 दिन। ऐसे में एक ही समय पर सभी अंडों पर एक्सपायरी तय करना मुश्किल हो जाता है। इस बीच, यूपी कुक्कुट विकास समिति के अध्यक्ष वीपी सिंह ने आरोप लगाया है कि विभाग बड़े व्यापारियों के दबाव में नियम लागू नहीं कर रहा। वहीं, एनईसीसी का कहना है कि छोटे व्यापारियों के लिए स्टैंपिंग सिस्टम महंगा और जटिल साबित होगा। एफएसडीए कमिश्नर रोशन जैकब के अनुसार, यह जटिल मुद्दा है और सभी पहलुओं-मांग, आपूर्ति, छोटे उत्पादकों और तकनीकी व्यवस्था-को ध्यान में रखकर ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### प्रॉपर्टी टैक्स बकाया के कारण जयललिता का घर सील

यूनिक समय, नई दिल्ली। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के हैदराबाद स्थित एक घर को 1.5 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स न चुकाने के कारण सील कर दिया गया। जीएचएमसी ने कानूनी वारिसों को कई नोटिस भेजे, लेकिन जवाब नहीं मिला। यह घर पहले बिजनेसमैन विजय माल्या को लीज पर दिया गया था। जीएचएमसी ने पूरे हैदराबाद में 100 से अधिक बड़ी प्रॉपर्टीज को इसी कारण सील किया है और बकाया राशि वसूलने की मुहिम जारी रखी है।

### गोवा के बागा बीच पर पैरासेलिंग हादसा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गोवा के बागा बीच पर पैरासेलिंग के दौरान पर्यटक की केबल अचानक टूट गई और वह समुद्र में गिर गया। घटना 30 मार्च की शाम हुई। सौभाग्य से पर्यटक ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी और नाव के स्टाफ व लाइफगार्ड्स ने उसे तुरंत बचा लिया। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। हादसे के बाद पैरासेलिंग एजेंसी ने पैसे लौटाने से इंकार किया। यह घटना गोवा में एडवेंचर स्पोर्ट्स की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है।

### मुंबई की नई बीएमसी कमिश्नर, अश्विनी भिड़े

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की नई कमिश्नर अश्विनी भिड़े नियुक्त हुई हैं। वह प्रशासनिक अनुभव और सख्त कामकाज शैली के लिए जानी जाती हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव रह चुकी हैं। भिड़े ने मुंबई के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स और बीएमसी में एडिशनल कमिश्नर के तौर पर भी काम किया है। बीएमसी मुंबई की स्थानीय सरकार है, जो पानी, कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य, सड़कें, शिक्षा और शहरी विकास जैसी सेवाएं मुहैया कराती है।

### जापान ने तैनात की लंबी दूरी की मिसाइलें

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जापान ने अपनी स्वदेशी विकसित लंबी दूरी की टाइप-12 मिसाइलें तैनात की हैं, जिनकी मारक क्षमता लगभग 1,000 किलोमीटर है और ये चीन तक पहुंच सकती हैं। रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी के अनुसार, इसका मकसद जापान की आत्मरक्षा और जवाबी कार्रवाई की क्षमता बढ़ाना है। यह कदम देश की 'केवल आत्मरक्षा' नीति में बदलाव को दर्शाता है। स्थानीय लोग मिसाइलों की तैनाती का विरोध कर रहे हैं। जापान साल के अंत में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइलें भी विध्वंसक जहाजों पर तैनात करेगा।

### लिएंडर पेस भाजपा में शामिल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस बीजेपी में शामिल हो गए हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू और सुकांत मजूमदार भी मौजूद थे। पेस पहले पश्चिम बंगाल दौरे पर बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले थे। उनके शामिल होने से पार्टी को कोलकाता और शहरी वोट बैंक में फायदा मिलने की संभावना है। इससे युवा और खेल प्रेमियों के बीच भी बीजेपी की पकड़ मजबूत हो सकती है।

### पीएम मोदी ने साणंद में केन्स सेमीकॉन प्लांट का किया उद्घाटन

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन के दूसरे प्लांट का उद्घाटन किया। यह देश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह भारत का दूसरा ऐसा प्लांट है, जो घरेलू और वैश्विक तकनीकी मांग को पूरा करने में मदद करेगा।



उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने प्लांट का जायजा लिया और ऑपरेटर्स व इंजीनियर्स के साथ बातचीत की। इस अवसर पर आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी ने हर इंजीनियर के मन में उत्साह और प्रेरणा जगाई है। पहले प्लांट का उद्घाटन 28 फरवरी को हुआ था। दूसरे प्लांट का उद्घाटन 31 मार्च को किया गया और तीसरे प्लांट का उद्घाटन जुलाई 2026 में होगा। इस साल के अंत तक चार प्लांट शुरू करने का लक्ष्य है। डेलॉयट की रिपोर्ट के अनुसार, 2035 तक भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग 300 बिलियन का आत्मनिर्भर बाजार बन जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात अब सेमीकंडक्टर हब बनता जा रहा है। यह कदम न केवल तकनीकी विकास में मदद करेगा, बल्कि रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी सशक्त बनाएगा। उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने अपनी बात को कविता के माध्यम से भी व्यक्त किया, "खोल दे पंख मेरे कहता है परिंदा, अभी और उड़ान बाकी है, जमीन नहीं मंजिल

#### मोदी ने हर इंजीनियर के मन में उत्साह और प्रेरणा जगाई

मेरी, अभी पूरा आसमान बाकी है।" साणंद का केन्स सेमीकॉन प्लांट भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह न केवल गुजरात को, बल्कि पूरे भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

### ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लिखा चेतावनी पत्र

## मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर की जा रही गड़बड़ी की कोशिश


**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा और राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है।



सीएम ममता ने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग हजारों फॉर्म-6 आवेदन जमा कर बाहरी लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इसे वोटर हाईजैकिंग की कोशिश बताया और दावा किया कि यह रणनीति पहले महाराष्ट्र और दिल्ली में भी अपनाई गई थी। ममता ने चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 60 लाख से अधिक वास्तविक मतदाता जांच प्रक्रिया में फंसे हैं, जबकि फर्जी आवेदन तेजी से स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को गंभीर बताते हुए कहा कि अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सीएम ने चेतावनी दी कि यह प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी 2026 के बाद कोई नया नाम मतदाता सूची में न जोड़ा जाए। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की और कहा कि बंगाल की जनता अपने लोकतंत्र को कमजोर नहीं होने देगी।

# अमेरिका ने ईरान में गिराए 907 किलो के बंकर भेदी बम, तनाव बढ़ा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिकी सेना ने ईरान के इस्फहान में स्थित एक गोला-बारूद डिपो पर 2,000 पाउंड (लगभग 907 किलो) के बंकर-बस्टर बम से हमला किया। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि इस हमले में भारी मात्रा में बंकर-भेदी बमों का इस्तेमाल किया गया। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुआ है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को इस्फहान में हुए विस्फोट का वीडियो साझा किया। वीडियो में कई विस्फोट दिखाई देते हैं, जिसके बाद आसमान में नारंगी रंग की तेज आग और धुएं के गुबार उठते हैं। हालांकि ट्रम्प ने वीडियो के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह वीडियो ईरान के 23 लाख की आबादी वाले इस्फहान शहर में स्थित प्रमुख गोला-बारूद डिपो पर अमेरिकी और इजराइली संयुक्त हमले का दृश्य है। इस शहर में ईरान का बदर सैन्य हवाई अड्डा भी स्थित है। रिपोर्टों के मुताबिक, हमले के कारण कई शक्तिशाली विस्फोट हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में आग के ऊंचे-ऊंचे गोले और झटके महसूस किए गए। इसी दिन ईरान ने इस्फहान के ऊपर अमेरिकी निर्मित एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का प्रयास किया। हालांकि रूस की टीएएसएस एजेंसी के अनुसार, ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने ड्रोन को सफलतापूर्वक रोक लिया।

#### ईरान के 23 लाख की आबादी वाले इस्फहान शहर में गोला-बारूद डिपो पर किया हमला

इस हमले के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ने की आशंका और गहरी हो गई है। युद्ध के दूसरे महीने में प्रवेश करते ही पाकिस्तान, मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के राजनयिक समाधान खोजने के लिए बैठक कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बंकर-बस्टर बम का इस्तेमाल मुख्य रूप से किलेबंदी वाले या भूमिगत-गोला-बारूद स्टोरेज को नष्ट करने के लिए किया जाता है। ऐसे बम अत्यधिक शक्तिशाली और खतरनाक माने जाते हैं, क्योंकि ये सतह को भेदकर भीतर जाकर विस्फोट करते हैं। इस्फहान में हुए इस हमले ने वैश्विक समुदाय में चिंता बढ़ा दी है। कई देशों ने क्षेत्र में शांति कायम करने और अप्रत्याशित संकट से बचने की जरूरत पर जोर दिया है। बंकर-बस्टर बम के इस्तेमाल से न केवल स्थानीय नागरिकों के जीवन पर खतरा बढ़ता है, बल्कि यह व्यापक राजनीतिक और सैन्य तनाव को भी बढ़ा सकता है।

# दलाई लामा ने की वैश्विक शांति की अपील


**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने दुनिया में चल रहे संघर्षों के बीच शांति की अपील की। उन्होंने पाम संडे पर पोप के शांति संदेश का समर्थन करते हुए कहा कि हिंसा का कोई समाधान नहीं है। केवल बातचीत और आपसी सम्मान से ही स्थायी शांति संभव है।



दलाई लामा ने कहा कि पश्चिम एशिया में ईरान-इजराइल और अमेरिका-यूरोप में रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसी परिस्थितियों में हथियार डालना और हिंसा को छोड़ना ही वास्तविक समाधान है। धर्मगुरु ने जोर देकर कहा कि दुनिया के सभी प्रमुख धर्म-ईसाई, बौद्ध, इस्लाम, हिंदू और यहूदी-हमें प्यार, करुणा, सहिष्णुता और आत्म-अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं। किसी भी धर्म की सच्ची शिक्षाओं में हिंसा की कोई जगह नहीं है। दलाई लामा का संदेश मानवीय मूल्यों और संवाद की अहमियत को रेखांकित करता है और वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में प्रेरणा देता है।

# केरल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया घोषणापत्र

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केरल के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद रहे।



घोषणापत्र में भाजपा ने राज्य के आर्थिक, सामाजिक और विकास संबंधी मुद्दों पर कई बड़े एलान किए। अपने संबोधन में नितिन नवीन ने कहा कि केरल में पिछले 17 वर्षों में एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों के शासन के दौरान औद्योगिक विकास नगण्य रहा। उन्होंने आर्थिक ठहराव, राजकोषीय कुप्रबंधन और रोजगार की कमी को राज्य की प्रमुख समस्याओं के रूप में उजागर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां इन खामियों को दूर करने और राज्य में सतत विकास को सुनिश्चित करने पर केंद्रित होंगी। भाजपा ने घोषणापत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। पार्टी ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य केरल में आर्थिक वृद्धि को बढ़ाना और रोजगार सृजन को सुनिश्चित करना है। घोषणापत्र के माध्यम से भाजपा ने मतदाताओं को यह संदेश दिया कि वे राज्य में विकास, पारदर्शिता और बेहतर प्रशासन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नितिन नवीन ने जनता से भाजपा को समर्थन देने की अपील भी की।

# मुजफ्फरनगर में चार शव मिलने से मचा हड़कंप

**यूनिक समय, मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के चार लोगों के शव घर के अंदर मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे शामिल हैं।



पुलिस के अनुसार, इरशाद (32) पेशे से पेंटर थे। उनका शव कमरे में फंदे से लटका मिला, जबकि पत्नी नूरीन (28) का शव फर्श पर पड़ा था। दोनों बच्चों- दो वर्षीय बेटे आहिल और एक माह की बेटी अक्शा-को बिस्तर पर मृत अवस्था में पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे और आसपास के लोगों तथा परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह मामला आत्महत्या का है या हत्या की साजिश है। पारिवारिक विवाद, आर्थिक परेशानी या अन्य कारणों को ध्यान में रखते हुए हर पहलू की गहन जांच की जा रही है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। लोग और पुलिस दोनों ही सच सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।

# बेंगलुरु जेल में युवती से गांजा और सिम कार्ड बरामद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर नशीले पदार्थ और सिम कार्ड पहुंचाने का मामला सामने आया। 26 मार्च की शाम 27 वर्षीय रितिका राय जेल में बंद विचाराधीन कैदी फराज खान से मिलने आई थी। जेल मुख्य द्वार पर रितिका की हरकतें संदिग्ध पाई गईं। औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने महिला सुरक्षाकर्मियों को तलाशी के निर्देश दिए। तलाशी में युवती के

#### औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने की बरामदगी

पास से बरामद हुआ 3 एयरटेल सिम कार्ड, 30 ग्राम गांजा और बीड़ी, 30 ग्राम अन्य नशीले पदार्थ, गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई, सामान बरामद होने के बाद रितिका राय को गिरफ्तार कर परप्पना अग्रहारा पुलिस के हवाले किया गया। उसके खिलाफ नशीले पदार्थ और जेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## नए शिक्षा सत्र से पहले एडमिशन की मारामारी

# महंगी किताबों और फीस से बढ़ी चिंता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में शिक्षा का नया सत्र कल से शुरू होने जा रहा है। इसके साथ ही एडमिशन को लेकर अभिभावकों में भागदौड़ और चिंता बढ़ गई है। हर माता–पिता अपने बच्चे को बेहतर स्कूल में पढ़ाना चाहता है, ताकि वह भविष्य में अधिकारी बन सके और एक अच्छी जिंदगी जी सके। यही सपना आज हर परिवार की प्राथमिकता बन गया है। छोटे बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थियों तक के दाखिले के लिए अभिभावक स्कूलों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन बढ़ती महंगाई ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। खासकर निजी स्कूलों की फीस, ड्रेस और किताबों के खर्च ने परिवारों का बजट बिगाड़ दिया

### हर अभिभावक का सपना बच्चा बने अधिकारी

### सरकारी आदेश के बावजूद निजी स्कूलों की मनमानी जारी

है। शासन द्वारा यह आदेश जारी किया गया था कि कोई भी निजी स्कूल अपनी मनमानी किताबें लागू नहीं करेगा, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर कम ही देखने को मिल रहा है। कई स्कूल अब भी अपनी तय की गई किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों से सिलेबस मंगवा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता, क्योंकि हर मां–बाप का सपना है कि उसका बच्चा पढ़–लिखकर एक बड़ा अधिकारी बने। लेकिन हर साल बढ़ता खर्च उनकी चिंता बढ़ा रहा है। रेखा देवी का कहना है कि हम चाहते हैं कि हमारा बच्चा पढ़–लिखकर अधिकारी बने, इसलिए अच्छे स्कूल में दाखिला जरूरी है, लेकिन खर्च बहुत ज्यादा हो गया है। पूजा अग्रवाल ने कहा कि हर मां–बाप का सपना होता है कि उसका बच्चा आगे बढ़े, लेकिन स्कूलों की फीस और किताबों ने परेशानी बढ़ा दी है। संगीता वर्मा ने बताया कि दो बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है, फिर भी बच्चों के भविष्य के लिए सब करना पड़ता है। अनीता सिंह ने कहा कि हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं, ताकि वे बड़े होकर अधिकारी बनें, लेकिन बजट पूरी तरह बिगड़ जाता है। कविता सिंह का कहना है कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य तय करती है, इसलिए माता–पिता हर संभव प्रयास करते हैं, लेकिन स्कूलों की मनमानी पर रोक जरूरी है। सीमा देवी ने कहा कि बच्चों के सपनों के लिए हम सब कुछ करते हैं, लेकिन महंगाई ने कमर तोड़ दी है। सत्र की शुरुआत जहां बच्चों के सपनों को उड़ान देती है।




## गौ ग्राम परखम में राम कथा आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न

**यूनिक समय, मथुरा।** गौ ग्राम परखम स्थित अशोक सिंघल सभागार में 10 से 16 अप्रैल तक आयोजित होने वाली विशाल राम कथा के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्राम प्रधानों, पूर्व प्रधानों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लेकर आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आयोजन को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। सतीश अवाना को संरक्षक एवं नारायण दास अग्रवाल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि अन्य पदाधिकारियों को भी अलग–अलग दायित्व दिए गए। दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राम कथा का वाचन डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुनेश चौहान, रामजीत सिंह, सत्यप्रकाश तोमर, रामवीर सिंह, विनीत उपाध्याय, लक्ष्मण सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## गृह मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील पुलिस ने गृह मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर दस लाख की ठगी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त विनोद कुमार ने रमेश को अपनी ऊंची पहुंच और प्रभाव का झांसा देकर गृह मंत्रालय में नौकरी लगाने के झांसा दिया। रमेश को पूरी तरह से विश्वास में लेकर उसके पुत्र की नौकरी गृह मंत्रालय में लगाने के लिए दस लाख रुपये की मोटी रकम ऐंठ ली। अभियुक्त ने इस रकम को नकद और अपने बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिया। काफी समय बाद जब रमेश को पता लगा कि उसके साथ विनोद कुमार ने

### नौकरी लगाने के नाम पर दस लाख रुपये ठगे थे

फ्रॉड किया है। उसने अपने पैसे वापस मांगे तो विनोद ने पैसे वापस नहीं किए। इस मामले में थाना नौहझील में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले में विनोद निवासी 2/22 कुतुब बिहार फेस 1 गोला डेरी गली नंबर 13 नियर शिव मंदिर थाना छावला जनपद दक्षिण पश्चिम दिल्ली को यमुना एक्सप्रेस वे के समीप मोरकी इंटर कॉलेज बाजना के सामने से गिरफ्तार कर लिया।

## मंगलवार की सायं मौसम बदला



कृष्णा नगर इलाके में सायं के समय लाइट जलाकर चलते वाहन।

**यूनिक समय, मथुरा।** मंगलवार की सायं मौसम ने एक बार फिर करवट बदली। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं हल्की और कहीं तेज बारिश व ओले पड़ने की भी खबर है। बारिश से पहले आसमान में धूल भरी आंधी का नजारा देखने को मिला। सायं के समय अधियारी छाने से वाहन चलाने वाले लाइट जलाकर सड़कों पर चले।

## पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से मुठभेड़ करने के बाद महिला का पर्स छीन कर भागने वाले बाइक सवार लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वार की गई फायरिंग में लुटेरे के पैर में गोली लगी है। लुटेरे से लूटा गया आईफोन दो हजार रुपये की नकदी भी बरामद हुई है। सीओ सदर ने कहा कि 21 मार्च को बाइक सवार बदमाशों द्वारा बाइक से एक युवती का पर्स छीन लिया था। पर्स में आईफोन और दस हजार रुपये थे। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद लुटेरों की तलाश की। आज पुलिस को लूट की घटना को अंजाम देने वाले लुटेरे के बारे में जानकारी मिली। पुलिस और स्वाट टीम ने लुटेरे की घेरा बंदी की। पुलिस और लुटेरे के बीच होटल विवांता के आस–पास

### घायल लुटेरे से लूटा गया मोबाइल व नकदी मिली

### घायल को पुलिस ने हॉस्पिटल में कराया भर्ती

मुठभेड़ हो गई। बाइक सवार लुटेरे ने पुलिस पर गोली चलाई। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली लुटेरे के पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस ने मौके से लुटेरे छोटू निवासी गांव बिलौठी थाना चिकसाना जिला भरतपुर हाल निवासी ब्लाक डी के सामने रंजीत नगर भरतपुर है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और दो हजार रुपये की नकदी और अपाचे बाइक, देशी तमंचा व कारतूस बरामद किए है।

## सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों को परीक्षा फल वितरित

**यूनिक समय, शेरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल छात्र–छात्राओं को वितरित किया गया। इसमें कक्षा में आए प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह पर कक्षा आठ में प्रथम डॉल्बी, द्वितीय सुप्रिया, तृतीय शिवानी एवं कक्षा 7 में प्रथम ललिता, द्वितीय मोनिका, तृतीय हिमांशी, कक्षा 6 में प्रथम ध्रुव, द्वितीय कृष्णा, तृतीय रश्मि, कक्षा 5 प्रथम राहुल, द्वितीय निशा, तृतीय निखिल आदि को सम्मानित किया। अतिथि हेतराम अनाड़ी, प्रेमचंद शर्मा, सरमन, खेमचंद अग्रवाल यादराम मित्तल, प्रधानाचार्य महेश चंद्र शर्मा, चंद्रभान, तुलसी, ज्योति अंजलि, अर्शी एवं गीता आदि उपस्थित थे।

## छाता में अनियंत्रित कार होटल के सामने खड़े ट्रैक्टर में घुसी, मची चीख–पुकार

**यूनिक समय, छाता।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। आर्गेनिक कुंज के समीप दिल्ली की ओर से मथुरा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक होटल पर खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से जाकर टकराई।

भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति काफी अधिक थी। होटल के सामने खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में टकराते ही कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त कार में चार लोग सवार थे। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। कार की पिछली



ट्रैक्टर में घुसी कार का नजारा।

सीट पर बैठे दो व्यक्तियों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक जाने के कारण चालक और एक महिला अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। मौके पर ट्रैक्टर को उठाने के लिए जेसीबी मंगाई गई।

## राया में हनुमान जी का डोला एवं कलश यात्रा कल

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** हनुमान जन्मोत्सव पर आनन्द बाग राधारानी मंदिर से एक अप्रैल को सायं चार बजे कलशयात्रा एवं हनुमान जी का डोला प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण करेगा। 2 अप्रैल को प्रातः हवनयज्ञ दोपहर भंडारे का आयोजन किया जायेगा। समिति अध्यक्ष कृष्णकान्त अग्रवाल, महंत राजकुमार शर्मा ने क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। वही 2 अप्रैल को हनुमान भक्त मण्डल द्वारा बीर बजरंगवली की शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ नगर भ्रमण करेगी। सायं को मंदिर पर छप्पन भोग भजन कीर्तन होगा। यह जानकारी समिति के प्रभुदयाल शर्मा, भूपेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, महावीर अग्रवाल ने दी।

## भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**यूनिक समय, मथुरा।** मैथिल ब्राह्मण समाज के युवाओं को भारतीय जनता पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर महेंद्र नगर स्थित मैथिल ब्राह्मण नगर सेवा समिति कार्यालय में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। सतेंद्र मैथिल बेरीवाल को भाजपा आईटी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक तथा भारत शर्मा को कोसीकलां मंडल का मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर समाज के लोगों ने उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का आयोजन समिति के नगर कोषाध्यक्ष बच्चू शर्मा (ठेकेदार) के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व राजस्थान प्रभारी रामजीत झा, नगर सचिव ओमप्रकाश मैथिल एवं राजेंद्र शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उपस्थित जनों ने युवाओं को मिली जिम्मेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि संगठन में युवाओं की भागीदारी से नई ऊर्जा का संचार होता है और जिम्मेदारी केवल पद नहीं बल्कि जनसेवा का अवसर है। अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

## बेटी के प्रेमी की हत्या करने वाले पिता को आजीवन कारावास

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला जज विकास कुमार की अदालत ने समाज में झूठी शान को बचाने के लिए एक पिता को बेटी के प्रेमी को घर बुलाकर पीट पीट कर हत्या करने के मामले में दोषी करार देते हुए उम्र कैद और 21 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अभियुक्त गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में बंद है। शासन की ओर से मुकदमे की पैरवी करने वाले जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि रिफाइनरी थाना क्षेत्र के ग्राम नगला पोहपी निवासी विनोद कुमार द्वारा हाईवे थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसका भाई अनिल कुमार 11 मार्च 2019 की सुबह करीब 6 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह हाईवे थाना क्षेत्र में रहने वाले बच्चू सिंह के यहां जा रहा है।

बच्चू सिंह ने उसे कुछ बात करने के लिए बुलाया है। इसके बाद वह देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। उसका फोन भी बंद आ रहा था। इसी दौरान किसी ने उसे फोन पर सूचना दी कि उसका भाई बच्चू सिंह के घर में खून से लथपथ पड़ा है। वह हाईवे पुलिस के साथ बच्चू सिंह के घर पहुंचा तो उसका

### प्रेमी को घर बुलाकर पीट पीट कर पिता ने की थी हत्या

भाई गंभीर हालत में वहां पड़ा था। बच्चू सिंह के घर में भी खून बिखरा हुआ था। घायल अनिल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी गंभीर हालत को देख परिजन उसे इलाज के लिए जयपुर के सवाई मान सिंह हॉस्पिटल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने नामजद बच्चू सिंह पुत्र हरीश चंद को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई जिलाजज विकास कुमार की अदालत में हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि अभियुक्त बच्चू सिंह की पुत्री से अनिल का प्रेम प्रसंग था। बच्चू सिंह ने अनिल को फोन कर मंडी चौराहे के निकट अपने घर पर बुलाया और बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट कर जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। अदालत ने बच्चू सिंह को इस मामले में दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दंडित किया है।